हरिभूमि

# रायपुर भूमि



# कहीं ईवीएम हैंग, कहीं बटन नहीं दबने की शिकायत कई के वार्ड बदले, वोटर बिना वोट डाले लौटे

- रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में चुनाव, 9 मशीनों को किया गया रिप्लेस
- ईवीएम मशीनों में आई खराबी से मतदाता हुए परेशान
- वार्ड बदले जाने से मतदाता परेशान हुए, पर्ची नहीं बंटी कई ने वोट नहीं डाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम में महापौर और पार्षद चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों में कहीं ईवीएम मशीन हैंग हो गई, तो कहीं बटन नहीं दबने की शिकायतें भी मिलीं। मशीनों में आई खराबी के कारण मतदान केंद्रों में कहीं दस मिनट, तो कहीं आधे घंटे तक वोटिंग प्रभावित रही। इधर चुनाव के लिए इलेक्ट्रानिक कार्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड हैदराबाद से आए इंजीनियरों की सहायता से ईवीएम मशीनों में आई छोटी-छोटी समस्याओं का तुरंत निराकरण भी किया गया, जिससे वोटिंग की प्रक्रिया पुनः शुरू हो पाई, लेकिन कुछ मतदान केंद्रों में जहां मशीनों ने हैंग होकर काम करना ही बंद कर दिया, ऐसी ▶▶|शेष पेज 18 पर



### संत कंवरराम मतदान केंद्र में तनाव

कटोरा तालाब स्थित संत कंवरराम स्कूल मतदान केंद्र में मतदान के दौरान भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच विवाद हो गया। इस विवाद के कारण यहां तनाव की स्थिति निर्मित हो गई, जिसके कारण सुरक्षा की दृष्टि से मतदान केंद्र में पुलिस फोर्स भी बढ़ाई गई।

### सभी जोन में इंजीनियर रहे तैनात शिकायत मिलते ही बदली खराब मशीनें

रायपुर नगर निगम चुनाव के लिए सभी 10 जोन में ईवीएम मशीनों के लिए हैदराबाद से आए इंजीनियरों की ड्यूटी लगाई गई थी। निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार वोटिंग के दौरान जहां-जहां ईवीएम मशीनों में किसी भी प्रकार की दिक्कत या खराब होने की स्थिति में मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी ने ▶▶|शेष पेज 18 पर

### इन मतदान केंद्रों में मिली ईवीएम खराब होने की शिकायत



महामाया मंदिर वार्ड क्रमांक-65 स्थित पटेल विद्या मंदिर मतदान केंद्र 963 में ईवीएम मशीन में खराबी आई थी, जिसके कारण यहां करीब 55 मिनट तक वोटिंग प्रभावित रही। इसके अलावा बोरियाखुर्द प्राथमिक शाला मतदान केंद्र के कक्ष क्रमांक-1, दलदलसिवनी मतदान केंद्र, कान्वेंट स्कूल, भाटागांव स्कूल, पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड-50 स्थित अमलीडीह शासकीय स्कूल मतदान केंद्र के कक्ष क्रमांक-3 में ईवीएम मशीन एक मतदाता द्वारा वोट करने के बाद बटन दबना बंद हो गया था, जिसे ठीक करने के लिए मशीन को पूरा बंद करना पड़ा।

### 9 ईवीएम को रिप्लेस किया गया

रायपुर नगर निगम में 1095 मतदान केंद्रों में 9 स्थानों पर ईवीएम मशीन खराब होने की शिकायत मिली थी। इंजीनियरों के जरिए उन मशीनों को तुरंत रिप्लेस कर दिया गया। कुछ मतदान केंद्रों में बटन जोर से दबाने के कारण बटन हैंग होने सहित अन्य दिक्कत आई थी, जिसे बिना देर किए सुधार लिया गया।

- **उमाशंकर बंदे,** उप जिला निर्वाचन अधिकारी रायपुर

## खबर संक्षेप

### गाली-गलौज से मना करने पर मारपीट



**रायपुर।** सरस्वती नगर थाने में एक युवक ने एक ही परिवार के चार लोगों के खिलाफ गाली-गलौज करने से मना करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कृष्णानगर निवासी रवि कुमार श्रीवास ने मनोज, छोटी, रीता तथा मंगला जगत के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रवि ने पुलिस को बताया कि मनोज गाली-गलौज कर रहा था, जिसे उसने गाली-गलौज करने से मना किया। इस बात से नाराज होकर मनोज ने उस पर चाकू से वार करने की कोशिश की। इसके बाद मनोज तथा उसके परिजनों ने रवि के साथ विवाद करते हुए मारपीट की।

### बाइक की ठोकर से जख्मी साइकिल सवार की मौत

**रायपुर।** आरंग थाना क्षेत्र में बाइक की ठोकर लगने से गंभीर रूप से घायल साइकिल चालक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। बाइक की ठोकर लगने से रामकुमार साहू की मौत हुई है। पुलिस के अनुसार, रामकुमार समोदा से अपने घर कागदेही जाने साइकिल से निकले थे। रास्ते में बाइक सीजी 06 जीपी 9235 के चालक ने लापरवाही से बाइक चलाते हुए रामकुमार को ठोकर मार दी। बाइक की ठोकर लगने से रामकुमार के सिर तथा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं, जिनकी सोमवार को एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

### घर के सामने गांजा पीने से रोका तो की मारपीट

**रायपुर।** आमानाका थाना में एक व्यक्ति ने एक अन्य के खिलाफ घर के पास गांजा पीने से मना करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चंदनीडीह निवासी भोपाल मिश्रा ने मनीष मेहरा के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। भोपाल ने पुलिस को बताया है कि मनीष तथा उसके साथी उसके घर के पास गांजा पी रहे थे, जिन्हें मनीष ने अपने घर के पास गांजा पीने से मना किया। इस बात से नाराज होकर मनीष ने भोपाल के साथ मारपीट की।



### दो वर्ष पूर्व विधानसभा के पास सकरी में तीन करोड़ में तीन एकड़ जमीन बेची थी

# बेची गई जमीन के पैसे से बुजुर्ग भाई-बहन घर चला रहे थे, उन पैसों पर बदमाशों की पड़ी नजर

### अनुपम नगर में ही दो करोड़ रुपए से ज्यादा की प्रापर्टी खरीदी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में मतदान के दिन सख्त पुलिस पहरा के बीच पांच डकैतों ने पॉश कालोनी में डकैती की घटना कर पुलिस को चुनौती दी है। बदमाशों ने प्लानिंग के तहत डकैती की घटना करने मतदान दिवस को चुना। इसीलिए बदमाश सेना की वर्दी में डकैती की घटना को अंजाम देने पहुंचे। सेना की वर्दी में डकैती डालने की वजह पुलिस को चकमा देना था। आते जाते वक्त किसी पुलिसवाले की उन पर नजर पड़े, तो उन्हें लगे कि पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों को मतदान ड्यूटी में लगाया गया है। अनुपम नगर में डकैती की घटना के बाद पुलिस ने शहर के सभी एंट्री पाइंट पर नाकेबंदी कर डकैतों का सुराग तलाशने की कोशिश की। बावजूद इसके पुलिस बदमाशों को अब तक पकड़ नहीं पाई है।

- किसी को शक न हो इसलिए सेना की वर्दी में पहुंचे डकैत

डकैती की घटना के बाद एएसपी क्राइम संदीप मित्तल का कहना है कि डकैतों को पकड़ने हरसंभव कोशिश की जा रही है। मौके ▶▶|शेष पेज 18 पर



### मुखबिरी की आशंका

डकैती की घटना में पुलिस को मुखबिरी की आशंका है। पुलिस के अनुसार मनोहरा तथा उनकी दोनों बहनों ने करीब दो साल से घर में पैसे रखे थे। इस बात की किसी करीबी को जानकारी होगी। पुलिस को उसी करीबी के माध्यम से मुखबिरी कर डकैती डलवाए जाने की आशंका है। मनोहरा तथा उनकी बहनों ने पुलिस को बताया है कि उनके घर में जो डकैती डालने आए थे, इनकी भाषा स्थानीय नहीं थी। इस वजह से किसी बाहरी गिरोह द्वारा डकैती करने की पुलिस को आशंका है।



### पिताजी सेना में मेजर थे इसलिए अंदर आने दिया

मनोहरा ने जैसे बताया है, उसके मुताबिक उनके पिताजी सेना में मेजर थे। इस वजह से सेना की वर्दी में आए व्यक्ति को मनोहरा ने अपने घर के अंदर दाखिल होने दिया। मनोहरा ने पुलिस को बताया है कि अनुपम नगर में वे पिछले 40 सालों ने निवासरत हैं। उनके घर कई लोगों की आवाजाही भी होती रहती है। सभी को मालूम है कि घर के अंदर वे तथा उनकी दो अन्य बुजुर्ग बहनें रहती हैं।

### 63 लाख की चोरी का सुराग नहीं ढूंढ पाई पुलिस

मुजगहन थाना क्षेत्र में चार माह पूर्व अक्टूबर में रवेली निवासी बालमुकुंद सोनकर के यहां घर के दीवान में रखे 63 लाख चोरी की घटना को पुलिस अब तक सुलझा नहीं पाई है। पुलिस ने वीआईपी ड्यूटी का बहाना कर एक माह बाद चोरी की रिपोर्ट दर्ज की थी। चोरी गई रकम जमीन बिक्री की थी। बालमुकुंद को चोरी की जानकारी दीवान की सफाई करने के दौरान मिली थी।

### डकैती की टाइमलाइन

- 2.35 बजे डकैत बगैर नंबर प्लेट की गाड़ी से मनोहरा के घर पहुंचे।
- 2.36 सेना की वर्दी में दो बदमाशों ने मनोहरा के घर में दस्तक दी।
- 2.37 बजे मनोहरा ने घर का दरवाजा खोला, सेना की वर्दी देख दोनों बदमाशों को घर के अंदर आने इशारा किया, इसके बाद वर्दीधारी बदमाशों ने अपने अन्य साथियों को इशारा कर बुलाया।
- 2.38 से 2.50 बजे बदमाशों ने 12 मिनट के भीतर मनोहरा, उनकी दोनों बहन को डराने धमकाने और बंधक बनाकर घर के दीवान में रखा कैश लूटकर मौके से फरार हो गए।
- 2.55 बजे मनोहारा को उनकी एक बहन ने बंधन मुक्त किया। इसके बाद मनोहरा ने अपनी बहनों को बंधन मुक्त करते हुए उनके मुंह में लगे टेप अलग किए।
- 3.05 बजे मनोहरा ने खम्हारडीह थाने में फोन कर पुलिस को अपने घर में डकैती होने की सूचना दी।

## महापौर प्रत्याशियों ने सपरिवार किया मतदान

### युवाओं के साथ बुजुर्गों में मतदान को लेकर दिखा भारी उत्साह





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर का मुखिया और वार्ड का मेंबर चुनने मंगलवार को राजधानी में हुये नगर निगम चुनाव में नई पीढ़ी के साथ ही पुरानी पीढ़ी भी लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बनने उत्साहित नजर आयी। अमीनपारा स्थित स्वर्गीय नंद कुमार दानी शासकीय प्राथमिक शाला बूथ क्रमांक 5 में पुरानी बस्ती निवासी 54 वर्षीय दिव्यांग शिवनंदा याफी अपने परिजन के साथ आटो की सवारी कर मतदान केन्द्र पहुंचे। वहां उन्हें ट्रायसिकल की मदद से बूथ तक ले जाया गया।

### तीन पीढ़ियों ने एक साथ किया मतदान

वार्ड नंबर 44 के स्वामी विवेकानंद सदरबाजार वार्ड स्थित सरस्वती कन्याशाला नयापारा के मतदान केन्द्र में अदभुत उदाहरण देखने को मिला। यहां बरलोटा परिवार की तीन पीढ़ियों ने एक साथ मतदान केन्द्र में पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। लोकतंत्र में अपनी आस्था प्रकट करने के लिए मतदान करने पहुंची 82 वर्षीय सास ▶▶|शेष पेज 18 पर

### भाजपा, कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी ने मंदिर में की पूजा, फिर डाला वोट

राजधानी रायपुर में महापौर की भाजपा प्रत्याशी मीनल चौबे ने महामाया मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी दीप्ति दुबे ने ब्राम्हणपारा के हनुमान मंदिर जाकर बजरंगबली से जीत का आशीर्वाद मांगा। दीप्ति दुबे ने बताया कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है, इस मंदिर के साथ घर परिवार की आस्था जुड़ी है।

# दिग्गजों के वार्डों में कम वोटिंग, पॉश और अफसरों के इलाके में भी बूथ खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के मुखिया और वार्ड मेंबर के लिए हुये निकाय चुनाव में इस बार रायपुर नगर निगम के धाकड़ पार्षदों के इलाकों में वोटिंग के प्रतिशत ने लोगों को चौंका कर रख दिया है। वहीं 70 वार्डों में इस बार 49.58 फीसदी वोट पड़े, जबकि पिछली बार के नगर निगम चुनाव में 53 फीसदी मतदान हुआ था। यानी 3 फीसदी वोट कम पड़े। पिछली बार से कम मतदान को लेकर वार्ड परिसीमन विसंगति पूर्ण होने, मतदाता सूची में गड़बड़ी और आनन-फानन में हुये चुनाव को लोग मान रहे हैं। हरिभूमि ने निकाय चुनाव में मतदान की स्थिति को लेकर पड़ताल की, तो पता चला कि स्लम बस्ती वाले एरिया में लोग खुलकर मतदान करने आये, वहीं पॉश इलाके और कालोनियों में मतदान के लिए अपेक्षाकृत कम लोग ही बूथ तक पहुंचे।

### रायपुर में 49.58 फीसदी वोट पड़े, पिछले चुनाव में 53 फीसदी हुआ था मतदान



### वार्डों में इस तरह रहा मतदान का प्रतिशत

- शहीद हेमूकालाणी वार्ड के आफिसर्स कालोनी महज 32.10 फीसदी वोट पड़े, 888 मतदाता, 286 ने मतदान किया।
- शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड : निवृतमान एमआईसी सदस्य सतनाम पनाग के पुराने वार्ड में पिछले बार 70 फीसदी मतदान हुआ। इस बार 54 फीसदी मतदान।
- कालीमाता वार्ड : पूर्व जोन अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू के इस वार्ड में पिछले बार 60 फीसदी मतदान, इस बार 46.24 फीसदी मतदान।
- रमण मंदिर वार्ड : पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर का वार्ड पिछले बार 60 फीसदी, इस बार घटकर हो गया 50 फीसदी।

### खास फर्क नहीं इन वार्डों में

- बंजारी माता वार्ड - पूर्व एमआईसी सदस्य नागभूषण राव के वार्ड में पिछले बार 53 फीसदी मतदान, इस बार 51 फीसदी।
- रामकृष्ण परमहंस वार्ड : पूर्व एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन का वार्ड पिछले बार 52 फीसदी मतदान इस बार 51 फीसदी।
- डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड : महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे के पुरान वार्ड में पिछले बार 60 फीसदी मतदान इस बार घटकर 55 फीसदी।

### छानबीन समिति की अनुशंसा पर लिया वापस

# अजीत कुकरेजा समेत डेढ़ दर्जन कांग्रेसियों का निष्कासन रद्द





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संगठन में प्रवेश के लिए गठित छानबीन समिति की अनुशंसा पर एआईसीसी ने छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी के अनुमोदन से विभिन्न जिलों के डेढ़ दर्जन कांग्रेसियों का निष्कासन रद्द करने का आदेश जारी किया है। जिन लोगों का निष्कासन रद्द किया गया है, उनमें नगर निगम के पूर्व एमआईसी मेंबर अजीत कुकरेजा भी शामिल हैं।

जिन नेताओं को कांग्रेस प्रवेश दिया गया है, उनमें रायपुर जिले से राजेश दुल्हानी, दिवाकर ससहू, बिलासपुर से जसबीर गुब्बर, महासमुंद से विश्वजीत बेहरा, कांकेर से क्रांति नाग, बस्तर से बोमडा मंडावी, दंतेवाड़ा से मनोज मालवीय और नरेंद्र सुराना, बालोद से तुकाराम साहू, हलधर साहू, नूतन किशोर साहू, तुलेश साहू, सोहन साहू, खोमन सिन्हा, संध्या निषाद, प्रताप चंद्र साहू और रिखीराम साहू शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने ऐसे नेताओं के वापसी के लिए आवेदन लिया था, जो विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान विद्रोह कर चुनाव मैदान में उतरे थे।

### महाकुंभ गया परिवार, घर से 3 लाख की चोरी



**रायपुर।** सरस्वती नगर थाने में एक महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान से नकदी 70 हजार रुपए सहित तीन लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कुकुरबेड़ा निवासी नंदा तिवारी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। नंदा ने पुलिस को बताया कि वे अपने परिवार के साथ 7 फरवरी को गंगा स्नान करने प्रयागराज महाकुंभ कुंभ गई थीं। 10 फरवरी को वापस आने पर नंदा ने देखा कि अज्ञात चोर उनके मकान का ताला तोड़ आलमारी में रखी नकदी रकम के साथ जेवर चोरी कर ले गया है।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

### सिविल कंस्ट्रक्शन का काम तेजी से चल रहा, लगेंगे विदेशी उपकरण

# टर्मिनल से यात्रियों को फ्लाइट तक पहुंचाने एयरपोर्ट में बन रहा चौथा एरोब्रिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी, बारिश के मौसम में यात्रियों को टर्मिनल भवन से सीधे एयरक्राफ्ट तक पहुंचाने के लिए एयरपोर्ट में चौथे एरोब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। सिविल कंस्ट्रक्शन का काम तेजी से चल रहा है, इसमें लगाए जाने वाले जरूरी उपकरण विदेशों से मंगाए जाएंगे। एरोब्रिज बनाने का काम मुख्यालय स्तर के अधिकारियों की निगरानी में पूरा किया जा रहा है। एरोब्रिज निर्माण की लागत करीब तीन करोड़ रुपए आती है।

रायपुर विमानतल पर तीसरे एयरोब्रिज का निर्माण तीन साल पहले पूरा हुआ था। उसी दौरान आवश्यकताओं और यात्री सुविधा का



विस्तार करने चौथे एयरोब्रिज की योजना को मंजूरी दी गई है। इसका निर्माण पूरा होने के बाद आवाजाही के दौरान किसी एयरक्राफ्ट को रनवे पर अधिक समय तक इंतजार नहीं करना होगा। सूत्रों के अनुसार स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट एयरोब्रिज से संबंधित सिविल कंस्ट्रक्शन तैयार करने का काम पचास फीसदी से ज्यादा पूरा किया जा चुका है।

### रोजाना 30 फ्लाइट की आवाजाही

रायपुर एयरपोर्ट पर प्रतिदिन विभिन्न शहरों के लिए लगभग 27 से 30 उड़ानों का संचालन किया जाता है। लैंडिंग के बाद यात्रियों को उतारने और टेकऑफ के पहले यात्रियों को फ्लाइट के भीतर पहुंचाने के लिए इन एयरोब्रिज का उपयोग किया जाता है। रायपुर में प्रतिदिन छह से सात हजार लोग अपनी यात्रा प्रारंभ करने अथवा समाप्त करने के लिए इसका प्रयोग करते हैं।

### पंद्रह दिन में 1.10 लाख यात्री

प्रयागराज में चल रहे कुंभ के साथ कुछ शहरों की उड़ान बढ़ने की वजह से स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर यात्रियों की गहमा-गहमी भी बढ़ी हुई है। पिछले पंद्रह दिन में अपनी यात्रा पूरी करने के लिए 1.10 लाख से अधिक लोगों ने रायपुर एयरपोर्ट का उपयोग किया गया है। वर्तमान में प्रतिदिन आठ हजार से अधिक यात्री आवाजाही कर रहे हैं।

जन्मदिन उत्सव

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

## आज से छत्तीसगढ़ का प्रयाग राजिम कुंभ कल्प

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को राजिम कुंभ कल्प और शिवरीनारायण मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 12 फरवरी से महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों के त्रिवेणी संगम पर प्रारंभ हो रहा राजिम कुंभ कल्प न केवल छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है, बल्कि इसकी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का जीवंत संगम भी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राजिम, जिसे 'छत्तीसगढ़ का प्रयाग' कहा जाता है, सदियों से श्रद्धालुओं और संत समाज के लिए आस्था का केंद्र रहा है। राज्य सरकार ने राजिम माघी पुन्नी मेले को पुनः उसके मूल स्वरूप में प्रतिष्ठित करते हुए राजिम कुंभ कल्प का नाम दिया है। यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की गौरवशाली सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर के संरक्षण व संवर्धन का महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का प्रयाग राजिम कुंभ कल्प के स्वागत के लिए तैयार है। राजिम कुंभ कल्प में संत-समागम, धार्मिक प्रवचन, लोक संस्कृति के विविध रंग और आध्यात्मिक चेतना की अनूठी झलक देखने को मिलेगी। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ आसपास के राज्यों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।

# रायपुर निगम में भाजपा का ऐतिहासिक जीत का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के सांसद और रायपुर नगर निगम चुनाव के संयोजक बृजमोहन अग्रवाल तथा विधायक व रायपुर नगर निगम चुनाव सह-संयोजक राजेश मूणत ने कहा, नगरीय निकाय के लिए हुए मतदान ने यह साफ संदेश दे दिया है कि रायपुर नगर निगम में पिछले 15 वर्षों का कांग्रेस का कुशासन खत्म हो चुका है और भाजपा शानदार व ऐतिहासिक जीत दर्ज करने जा रही है।

भाजपा नेताओं ने कहा, मतदान के प्रति यह उत्साह और उमंग अटल विश्वास पत्र में व्यक्त भाजपा के संकल्पों और मोदी की गारंटी पर मुहर है। यह प्रदेश की मातृ–शक्ति का भाजपा के प्रति विश्वासपूर्ण अनुग्रह का परिचायक है। रायपुर में शहर-सरकार बनते ही भाजपा अपने संकल्प पत्र पर पूरी ईमानदारी के साथ अमल करेगी। श्री अग्रवाल व श्री मूणत ने कहा, मतदान के प्रति यह जागरुकता राजधानी को सँवारने के हमारे संकल्पों की बुनियाद सिद्ध होने जा रही है। परिवर्तन की लहर पूरे प्रदेश के साख ही राजधानी में भी महसूस की जा रही थी, जिसमें कांग्रेस और कांग्रेस के भ्रष्ट, कमीशनखोर महापौरों व अध्यक्षों समेत निकायों में कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों का राजनीतिक तम्बू उखड़ने जा रहा है।






## किरण देव का दावा, कांग्रेस का होगा निकाय चुनाव में सूपड़ा साफ

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, नगरीय निकाय चुनावों में मतदान का प्रतिशत भाजपा के लिए काफी उत्साहजनक है और भाजपा का यह विश्वास फलीभूत होने जा रहा है कि प्रदेश के सभी 10 नगर निगमों समेत सभी नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो रहा है। श्री देव ने कहा, कांग्रेस के भ्रष्टाचार और कुशासन से त्रस्त हो चुकी शहरी और नगरीय क्षेत्रों की जनता का आक्रोश मंगलवार को नगरीय निकायों के मतदान में व्यक्त हुआ है। श्री देव ने कहा, स्वस्फूर्त मतदान का प्रतिशत इस बात का स्पष्ट संकेत है कि प्रदेश के हरेक शहर और नगर में परिवर्तन की प्रचण्ड लहर बह रही है और कांग्रेस के कुशासन और कुनीतियों से त्रस्त मतदाता कांग्रेस को उखाड़ फेंकने के निश्चय के साथ मतदान केंद्रों तक बड़ी संख्या में पहुंचे। श्री देव ने कहा, जिस उद्देश्य के साथ छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया गया था, उन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए भाजपा के पक्ष में जनता-जनार्दन ने स्वस्फूर्त भारी मतदान किया है।

# देर रात तक लौटे मतदान दल, आधी रात तक जमा होती रही ईवीएम

वोटिंग के बाद ईवीएम मशीन जमा करने लौटे मतदान दल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के महापौर और पार्षद पद चुनाव के लिए वोटिंग के बाद मतदान दलों की वापसी रात करीब 8 बजे से शुरू हुई जो देर रात तक चलती रही, वहीं ईवीएम मशीनों को जमा करने का सिलसिला आधी रात तक जारी रहा। रायपुर निगम क्षेत्र में 70 वार्डों में पार्षद पद के साथ महापौर पद के लिए चुनाव हुए। इसके लिए निगम क्षेत्र में 1095 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इन मतदान केंद्रों में वोटिंग सुबह 8 से शाम 5 बजे तक चली।

## ईवीएम मशीनों को सील करने से लेकर जमा करने में छूटा मतदान कर्मियों का पसीना

मतदान केंद्रों में वोटिंग के बाद ईवीएम मशीनों को सील करने से लेकर उसे सेजबहार स्थित स्ट्रांग रूम में जमा करने में मतदान कर्मियों को पसीना बहाना पड़ा। वोटिंग के बाद सेजबहार स्ट्रांग रूम में मतदान दलों के पहुंचने का सिलसिला रात 8 बजे से शुरू हो गया था। शुरुआत में शंकर नगर, श्याम नगर, तेलीबांधा, कटोरा तालाब स्थित मतदान केंद्रों से मतदान दल सेजबहार पहुंचे। इसके बाद दूसरे मतदान केंद्रों से मतदान दलों के लौटने का सिलसिला चलता रहा। स्ट्रांग रूम के अधिकारी के अनुसार रायपुर निगम क्षेत्र में 1095 मतदान केंद्र हैं। इन सभी मतदान केंद्रों में वोटिंग के बाद ईवीएम मशीनों को बड़ी सावधानी से सील करना पड़ता है, जिसमें काफी समय लगता है। इसी कारण मतदान दलों के लौटने में भी समय लगता है। स्ट्रांग रूम पहुंचने के बाद भी ईवीएम मशीनों को गिनती व सीरियल नंबर के साथ जमा कराया जाता है, जिसकी एंट्री भी होती है। इस काम में भी काफी वक्त लगता है। इसी कारण ईवीएम मशीनों को जमा करने में भी समय लग जाता है।

## प्रदेश के उद्योगपति मप्र के ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में होंगे शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मध्य प्रदेश के एपीआईडीसी ने छत्तीसगढ़ के उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विन गर्ग की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ के उद्योगपतियों को ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2025, भोपाल में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया है। मध्यप्रदेश सरकार के एनके शुक्ला ने मध्यप्रदेश में विभिन्न उद्योगों को लगाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार की नई उद्योग नीति को बृहद रूप में प्रस्तुत किया और उद्योगपतियों ने इन्वेस्टर इंटेंशन पत्र भरे। इस सेमिनार में उन्होंने बताया, एपीआईडीसी 1 रुपए प्रति एकड़ की दर से सोलर बेस्ड इंडस्ट्रीज को भूमि प्रदान कर रहा है। सोलर जनरेशन के लिए बेहद सस्ती दरों में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा पर असिंचित भूमि उपलब्ध कराएंगे। सोलर जनरेशन के लिए काफी उद्योगपतियों ने अपनी रुचि दिखाई है। छत्तीसगढ़ मे बिजली की बढ़ती दरों से उद्योग के उत्पाद बाजार में प्रतिस्पर्धा से बाहर होते जा रहे हैं। अध्यक्ष अश्विन गर्ग ने कहा, सोलर जनरेशन के द्वारा इस विकट समस्या का निराकरण संभव है, जैसा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुझाव पर सोलर की कई देश व्यापी योजनाएं प्राथमिकता से चलाई जा रही है। किन्तु छत्तीसगढ़ में सोलर जनरेशन हेतु भूमि की कमी होने से यहां के उद्योग सोलर जनरेशन आवश्कतानुसार नहीं कर पा रहे हैं। कैप्टिव सौर ऊर्जा उत्पादन उद्योगों की आवश्यकता बन गई है एवं किसी भी पॉवर इंटेंसिव उद्योग के लिए सौर्य ऊर्जा के अभाव में आर्थिक व्यवहार्यता स्थापित करना मुश्किल है। इस विषमता की सिथिति में एपीआईडीसी का यह आमंत्रण एक संजीवनी का काम करेगा। इससे छत्तीसगढ़ में सोलर के लिए भूमि की कमी झेल रहे उद्योगों को बढ़ती बिजली की दरों से काफी राहत मिलेगी और वित्तीय संकट से जूझ रहे उद्योग पुर्नजीवित हो सकेंगे। मध्यप्रदेश की इंडस्ट्रियल पॉलिसी से प्रभावित उपस्थित उद्योगपतियों का समूह 24 से 25 फरवरी को भोपाल में आयोजित समिट में शामिल होगा और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री से इस सन्दर्भ में कस्टमाईजड पॉलिसी पर चर्चा करेंगे।

## खाद्य निगम के गोदाम में चावल लेने जगह नहीं, राइस मिलर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश राइस मिलर भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में चावल के लिए जगह नहीं होने से परेशान हैं। यही नहीं, खाद्य निगम ने चावल के लिए लगने वाले नंबर विंग ऐप को ही वर्ष 24-25 के लिए ब्लॉक कर दिया है। अभी वर्ष 23 - 24 का ही चावल लिया जा रहा है, जिसके लिए भी पर्याप्त जगह उपलब्ध नहीं है। कैट के प्रदेश प्रभारी अध्यक्ष परमानंद जैन ने राइस मिलरों की समस्या से अवगत कराने केन्द्रीय खाद्य मंत्री प्रहलाद जोशी और खाद्य सचिव तथा अध्यक्ष एवं मैनेजिंग डायरेक्टर भारतीय खाद्य निगम को पत्र लिखा है। दरअसल, इस बार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 150 लाख टन धान की खरीदी की गई है। इसमें 43 लाख टन धान से चावल का निराकरण नागरिक आपूर्ति निगम में हो रहा है, जबकि 79.25 लाख टन धान से चावल का निराकरण भारतीय खाद्य निगम में होना है। इसके लिए भारतीय खाद्य निगम में जगह नहीं है। विभागीय अधिकारियों का कहना है गोदाम में एक वर्ष के पूर्व का चावल भी रखा हुआ है। चावल का मूवमेंट आवश्यक रूप से नहीं हो रहा है, जिससे जगह नहीं बन रही है। विदित हो, राज्य सरकार की ओर से 14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 धान की खरीदी की गई है। उसमें अभी तक चावल अरवा रायपुर जिले में लेना शुरू नहीं किया गया है। चावल नहीं लेने पर राइस मिलों को धान में सूखत का नुकसान उठाना पड़ रहा है, वहीं काम नहीं चलने से मजदूरों की समस्या बनी हुई है, जबकि काम नहीं चलने से बिजली का न्यूनतम बिल भी मिलरों को भुगतान करना पड़ रहा है। समस्या का समाधान भारतीय खाद्य निगम छत्तीसगढ़ के अधिकारियों के पास नहीं है । चावल का मूवमेंट प्लान नहीं मिलने से छत्तीसगढ़ में अतिरिक्त अच्छी क्वालिटी का चावल की डिमांड की जाती है, ताकि गोदाम में चावल कम खराब हो।



## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों ने सीखा अनुसूची तैयार करना



रायपुर। शासकीय नवीन महाविद्यालय गुढ़ियारी में बीए अंतिम भूगोल के विद्यार्थियों को डॉ. राजवंश कोहली सहायक अध्यापक भूगोल के मार्गदर्शन में सोमनाथ का भौगोलिक सर्वेक्षण कराया गया। इस अध्ययन में शिवनाथ एवं खारुन नदी का संगम, शिवलिंग का वैज्ञानिक अध्ययन, वनस्पतियां, जीव-जंतु, मिट्टी, जल, उच्चावच्च, यातायात, मानव बस्तियां, कृषि व्यवस्था, भूमि उपयोग, जलवायु एवं मानव जीवन का अध्ययन किया गया। साथ ही भौगोलिक अध्ययन में विद्यार्थियों में अनुसूची तैयार करना, सर्वेक्षण करना, मानचित्र बनाना, टेबुलेशन करना, तालिकाएं तैयार करना, विश्लेषण करना तथा प्रतिवेदन तैयार करना सीखा। अनुसूची तैयार करके ग्राम लखना के 50 घरों में विद्यार्थियों द्वारा जाकर प्राथमिक आंकड़ों पर संकलन किया गया।

## निधन

### गरिमा सचदेव



रायपुर। मोवा निवासी गरिमा सचदेव का 11 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 फरवरी को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे बालचंद सचदेव की पुत्री और सिद्धांत, सौरभ, शिखर की बहन थीं।

# नई बिल्डिंग का निर्माण शुरू होने से पहले हटाई जाएंगी नोटरी की अवैध दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर तहसील कार्यालय के बाहर परिसर में लग रही नोटरी की अवैध दुकानें जल्द हटाई जाएंगी। तहसील कार्यालय के पुराने भवन को तोड़कर उसकी जगह चार मंजिल नई बिल्डिंग का निर्माण होना है। पुराना भवन को तोड़ने से पहले तहसील कार्यालय के बाहर परिसर में अवैध रूप से संचालित नोटरी की दुकानों को हटाने की कार्यवाही की जाएगी। तहसील परिसर में करीब 15 से 20 दुकानें ऐसी हैं जो अवैध रूप से संचालित की जा रही हैं, जबकि उनके बैठने के लिए कोर्ट परिसर और टाउन हॉल के बगल में व्यवस्था की गई है। इसके बाद भी कई नोटरी की दुकानें तहसील परिसर की पार्किंग स्थल पर संचालित की जा रही हैं।

रायपुर तहसील कार्यालय की बिल्डिंग का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इसके मद्देनजर तहसील कार्यालय भी पुराना नर्सिंग हास्टल बिल्डिंग में शिफ्ट हो गया है। राजस्व संबंधी सारा काम इसी बिल्डिंग में किया जा रहा है। कार्यालय के शिफ्ट होने के बाद अब तहसील कार्यालय के ऐतिहासिक भवन को भी तोड़ा जाएगा। इसे तोड़ने का काम चालू माह में शुरू किए जाने की संभावना है। भवन को तोड़ने से पहले तहसील कार्यालय के बाहरी परिसर में संचालित हो रही नोटरी की अवैध दुकानों को भी हटाया जाएगा।

### एक से चार फ्लोर में दफ्तर लगेंगे, ग्राउंड में पार्किंग

*डिजाइन के अनुसार नई तहसील बिल्डिंग चार मंजिला बनेगी। इसके ग्राउंड फ्लोर में पार्किंग होगी, वहीं हर फ्लोर 12 हजार स्क्वायर फीट में तैयार होगा। बिल्डिंग में लिफ्ट, इंटरनेट, सीसीटीवी जैसी प्रमुख सुविधाएं भी होंगी। विभागीय सूत्र की मानें, तो रायपुर तहसील को आधुनिक तरीके से अपडेट किए जाने का प्लान है। इस प्लान को स्वीकृति मिली, तो पांच संभाग की तहसीलों को भी इस तर्ज पर अपडेट किया जाएगा।*

### पार्किंग की जगह लग गई अवैध दुकानें

तहसील कार्यालय का बाहरी परिसर पार्किंग के लिए था, लेकिन पार्किंग के आधे हिस्से में नोटरी वालों ने दुकानें लगा ली हैं। इसके कारण परिसर में गाड़ी पार्क करने के लिए अभी तक आम लोगों को परेशान होना पड़ता था। तहसील की नई बिल्डिंग बनने के बाद पार्किंग की समस्या भी खत्म हो जाएगी, क्योंकि नई बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर में पार्किंग बनाई जाएगी।

### 11.50 करोड़ की लागत से बनेगी नई बिल्डिंग

तहसील कार्यालय की नई बिल्डिंग हाईटेक बनेगी। लगभग 11 करोड़ 50 लाख रुपए की कीमत में इस बिल्डिंग का निर्माण होना है। बिल्डिंग की डिजाइन से लेकर टेंडर का काम पहले ही पूर्ण हो चुका है। नई बिल्डिंग के निर्माण में अब तक तहसील कार्यालय की शिफ्टिंग बाधा थी, जो अब दूर हो गई है। संभावना जताई जा रही है कि आचार संहिता हटने के बाद पुरानी बिल्डिंग को तोड़ने का काम शुरू किया जा सकता है।

# निगम की प्रापर्टी में आमदनी अठन्नी खरचा रुपैया, मेंटेनेंस पड़ रहा भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



शहर में नगर निगम ने करोड़ों खर्च कर आम जनता की सुविधा के लिए अलग-अलग लोकेशन पर प्रापर्टी तैयार की, जिसमें हर माह सुरक्षा, सफाई, बिजली के नाम पर लाखों रुपये खर्च हो रहा है, लेकिन खर्च की तुलना में आमदनी नहीं होने से मेंटनेंस को लेकर दिक्कत आने लगी है। चाहे वह बूढ़ापारा का सर्वसुविधा युक्त इंडोर स्टेडियम हो या बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण। यहां तक कि 49 करोड़ खर्च कर भाठागांव में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 6 साल से तैयार इंटर स्टेट बस टर्मिनल का भी कमोबेश यही हाल है। शहर के मध्य स्थित बूढ़ापारा में नगर निगम द्वारा राजधानी में विभिन्न अवसरों पर सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक व व्यावसायिक प्रयोजनों के लिए लोक निर्माण विभाग के माध्यम से इंडोर स्टेडियम को भव्य स्वरूप दिया गया। पूर्ण वातानुकूलित एवं सर्व सुविधा युक्त स्टेडियम का हर माह मेंटनेंस खर्च 3.50 लाख रुपये है। इसमें मुख्य रूप से चिलर प्लांट, देखरेख के लिए लगाये गये केयर टेकर, सुरक्षा के लिए सेक्युरिटी गार्ड का ठेका शामिल है।

- बूढ़ापारा के इंडोर स्टेडियम में हर माह 3.50 लाख बिजली खर्च, आमद जीरो

### आउटडोर स्टेडियम में फूटी कौड़ी की गुंजाइश नहीं

*बूढ़ापारा के आउटडोर स्टेडियम में नगर निगम पानी एवं बिजली का खर्च खुद उठा रहा है, जबकि प्रदेश में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने खेल विभाग की ओर से सांई को खिलाड़ियों के आवासीय हॉस्टल के प्रयोजन के लिए दिया गया है। इसमें नगर निगम को एक रुपये की कमाई नहीं है। बाकी के हिस्से में पूर्व में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड और उसके कंसलटेंट एजेंसियों को कक्ष आवंटित किया गया। इसके एवज में नगर निगम को किसी तरह का किराया नहीं मिला। हालांकि बाद में रायपुर स्मार्ट सिटी का दफ्तर सिटी कोतवाली का नया बहुमंजिला भवन बनने के बाद वहीं शिफ्ट कर दिया गया।*

### बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट में मेंटनेंस के लिए एजेंसी तय नहीं

बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट के तहत 2 फेज में रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा 36 करोड़ खर्च कर तालाब का सौंदर्यीकरण कराया गया, पर मेंटनेंस के लिए अब तक कोई एजेंसी तय नहीं की गई। साथ ही पार्किंग का ठेका, प्रक्रिया में उलझ कर रह गया। हालत ये है कि सौंदर्यीकरण के तहत लगाये गये कीमती लाइट में से ज्यादातर खराब हो चुकी हैं। दुर्गा मंदिर से लगे हिस्से में बच्चों के लिए तैयार किये गये ओपन जिम, फिसलपट्टी सहित अन्य मनोरंजन के उपकरण की हालत खस्ता हो गई है। मेंटेनेंस की व्यवस्था नगर निगम नहीं कर पा रहा है। तालाब के बीच में 5 करोड़ खर्च कर लगाया गया म्यूजिकल फाउंटेन सालों से बंद होने के कारण कबाड़ में तब्दील हो चुका है।

# दिन में जारी रहेगा गर्मी बढ़ने का दौर रात में रहेगी हल्की ठंड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उत्तरी हवा का असर खत्म होने की वजह से अब दिन में गर्मी बढ़ने का दौर जारी रहेगा, मगर रात में ठंड का प्रभाव मौजूद रहने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में सुकमा का अधिकतम तापमान 35 डिग्री के पार हो गया रायपुर उसके करीब पहुंच गया। दिन में गर्मी बढ़ने का प्रभाव अगले तीन दिन तक रहने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक फरवरी में तापमान के उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहने की संभावना बनी रहेगी।राज्य में आने वाली हवा की दिशा में बदलाव होता रहेगा और उत्तरी हवा अभी शुष्कता लिए हुए हैं। राज्य के मैदानी इलाके में गर्मी का प्रभाव बढ़ने लगा है मगर अंबिकापुर, बलरामपुर जैसे इलाके में ठंड मौजूद है वहां रात और सुबह के वक्त काफी ठंड महसूस हो रही है, हालांकि में दिन में थोड़ी असहजता महसूस हो रही है। रायपुर में सुबह के वक्त बेहद मामूली ठंड है और दिन चढ़ने के साथ धूप की तेजी लोगों को परेशान कर रही है। दोपहर बाद गर्मी का अहसास हो रहा है जिससे शाम होते ही राहत मिल रही है। बस्तर का हाल भी मैदानी इलाके जैसा ही है। विशेषज्ञों के मुताबिक अभी एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। बुधवार 12 फरवरी को मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

### पिछले साल पड़े थे छींटे

*मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार फरवरी माह में आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हल्के रूप में बरसने और कभी-कभी ओलावृष्टि की संभावना भी बनी रहती है। पिछले साल रायपुर में 12 फरवरी को 6. 9 मिमी. बारिश दर्ज हुई थी। बीते दस सालों में केवल तीन बार फरवरी बिना बूंदाबांदी के गुजरा है। यहां सर्वाधिक 57 मिमी. बारिश 4 फरवरी 1917 को दर्ज की गई थी।*



### विकास ने परिवार के साथ किया मतदान

रायपुर। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय मंगलवार को सपरिवार टाटीबंध स्थित भारत माता स्कूल में मतदान करने पहुंचे।

# रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने पकड़ा आदतन पॉकेटमार

रायपुर। रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने आदतन पॉकेटमार को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रमन कुमार के मार्गदर्शन और पोस्ट प्रभारी रायपुर के नेतृत्व में मंडल टास्क टीम, आरपीएफ पोस्ट रायपुर और गंज थाना रायपुर के संयुक्त अभियान के तहत की गई। गश्त के दौरान, स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में यात्रियों के बीच हो हल्ला मचाते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम उमेश साहू उर्फ गोलू (40 वर्ष), निवासी शीतला मंदिर के पास, रामनगर, थाना गुढ़ियारी बताया। आरोपी ने आगे बताया कि वह यात्रियों के मोबाइल और पर्स चोरी करने के इरादे से स्टेशन पर आया था और उपद्रव मचा रहा था, जिससे उसे पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपी के पास से कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ, लेकिन उसके खिलाफ गंज थाना रायपुर में इस्तगासा क्रमांक 40/42/25 धारा 170, 126,135(3) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को एसडीएम न्यायालय रायपुर के समक्ष पेश किया गया।








## एज्यूकेशन अपडेट

# महिला एवं बाल विकास विभाग में 35 पदों पर होगी भर्ती, यूजीसी नेट का पेपर 28 से




रायपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष व सदस्य और किशोर न्याय बोर्ड सामाजिक कार्यकर्ता के पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए पिछले माह वैकेंसी निकली थी। प्रदेश के विभिन्न जिलों में यह भर्ती की जाएगी। कुल 35 पदों पर भर्ती होगी। इनमें बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष के 6 पद व सदस्य के 18 पद शामिल हैं। जबकि किशोर न्याय बोर्ड में सामाजिक कार्यकर्ता के 11 पद भरे जाएंगे। इन पदों पर ऑफलाइन आवेदन करना होगा। संचालनालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, ब्लॉक-1 द्वितीय तल इंद्रावती भवन अटल नगर नवा रायपुर के पते पर फॉर्म भर कर स्पीड पोस्ट या डाक के माध्यम से भेजना होगा। इन पदों पर आवेदन की अंतिम तिथि 28 फरवरी है।

### यूजीसी नेट 28 फरवरी से 2 मार्च तक

सीएसआईआर यूजीसी नेट दिसंबर 2024 की परीक्षाएं 28 फरवरी से 2 मार्च तक होंगी। मैथमैटिकल साइंसेस, केमिकल साइंसेस, लाइफ साइंसेस और फिजिकल साइंसेस आदि विषयों के लिए यह परीक्षा होगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से सीबीटी मोड में परीक्षा ली जाएगी। सीएसआईआर यूजीसी नेट तीन कैटेगरी के लिए होगी। इसमें असिस्टेंट प्रोफेसर पात्रता, जूनियर रिसर्च फेलोशिप के साथ यूनिवर्सिटी के पीएचडी प्रोग्राम में एडमिशन शामिल है। शेड्यूल के अनुसार मैथेमैटिकल साइंसेस व अर्थ-एटमोस्फेयरिक-ओसियन एंड प्लेनेटरी साइंसेस और केमिकल साइंसेस की परीक्षा 28 फरवरी को होगी। लाइफ साइंसेस की परीक्षा 1 मार्च और फिजिकल साइंसेस का पेपर 2 मार्च को होगा।

## कैंपस इवेंट

# इंटरनेट पर सुरक्षित रहने सावधानी जरूरी, पासवर्ड बनाएं मजबूत




रायपुर। सामाजिक संस्था सुधा सोसाइटी फाउंडेशन ने मंगलवार को आमासिवनी स्थित सुधा ओपन स्कूल में सुरक्षित इंटरनेट दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान सुधा सोसाइटी के चेयरमैन जी. के. भटनागर ने सुरक्षित इंटरनेट के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इंटरनेट का उपयोग आज के समय में हर वर्ग के लोगों द्वारा किया जा रहा है, चाहे वो बच्चे हों या बुजुर्ग, गांव हो या शहर। इसीलिए इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने बच्चों और युवाओं को इंटरनेट पर सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक सावधानियों के बारे में बताया, जैसे कि पासवर्ड सुरक्षा, ओटीपी का सही इस्तेमाल, और ऐप डाउनलोड करते समय सतर्कता बरतना।

### साइबर अपराधों का समझाया कारण

कार्यक्रम में बताया कि साइबर अपराधों के कारण कई लोग धोखाधड़ी का शिकार हो रहे हैं और इंटरनेट की सुरक्षा के प्रति जागरूकता की कमी से यह समस्या और बढ़ रही है। बच्चों ने स्वागत गीत गाए और इंटरनेट और साइबर सुरक्षा से संबंधित विभिन्न सवाल पूछे। इस अवसर पर श्रीमती दीप्ति गोयल, अध्यक्ष एवं श्री आर. के. सूद, सोसाइटी के सीईओ ने भी अपने संदेश के माध्यम से बच्चों को सुरक्षित इंटरनेट के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम में लगभग 50 बच्चों ने भाग लिया और सभी ने यह संकल्प लिया कि वे इंटरनेट का उपयोग करते समय सभी आवश्यक सुरक्षा सावधानियां बरतेंगे।

## सिटी इवेंट

# साइकिलिंग से फिट रहने देंगे संदेश सप्ताह में एक दिन ऑफिस भी




रायपुर। साइकिल चलाने वाला वैश्विक योद्धा है, जिसके कारण पर्यावरण प्रदूषित नहीं होता। हर व्यक्ति को साइकिल चलाना चाहिए और सप्ताह में कम से कम एक दिन अपने आफिस इससे जाना चाहिए। लोगों में साइकिल के प्रति जनजागरूकता जगाने और उन्हें वैश्विक पर्सनॉलिटी का दर्जा दिलाने के लिए साइकिलिस्ट ग्लोबल वारियर आंदोलन की शुरुआत की गई। सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर में डीएस विद्यार्थी ने नारियल फोड़कर इस वैश्विक अभियान की शुरुआत की। प्रकाश बंछोर ने साइकिल से होने वाले शारीरिक स्वस्थता के अपने अनुभव को साझा किया। साइकिल से लेह लद्दाख की यात्रा करने वाले प्रवीण कालमेघ ने भी अपने संस्मरण सुनाए।

### देशभर में साइकिलिस्ट ग्लोबल वारियर आंदोलन

चित्रकार भूपत राव बोरकर और हरीश देवांगन ने बताया कि कोरोनाकाल में स्वच्छ वातावरण के कारण हिमालय पर्वत की चोटियां भी 100-150 किलोमीटर दूर से दिखाई देती थी। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अंकुश देवांगन ने साइकिलिस्ट ग्लोबल वारियर आंदोलन को न सिर्फ राज्य व देश दुनिया में फैलाने की बात करते हुए कहा कि विगत दशकों में हमने एक ऐसे समाज का निर्माण किया है, जहां साइकिल चलाने वाले को हेय दृष्टि से देखा जाता है।





# लोकतंत्र में भागीदारी का उत्सव...

नगर निगम चुनाव के दौरान मंगलवार को मतदान केंद्रों पर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। युवा से लेकर बुजुर्ग तक, हर आयुवर्ग के लोग मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उमड़े। मतदान केंद्रों पर प्रत्याशियों के समर्थक मतदाताओं का स्वागत करते हुए उन्हें अपने प्रत्याशी को वोट देने की अपील करते दिखाई दिए।

## चुनाव में 100 साल तक के बुजुर्गों ने मतदान में दिखाया जोश

रायपुर। हरिभूमि टीम बुढ़ापारा, संतोषी नगर, टिकरापारा और चौबे कॉलोनी समेत दर्जनों मतदान केंद्रों पर पहुंची। इस दौरान मतदाताओं से उनकी उम्मीदों के बारे में जाना। बुढ़ापारा के माधवराव सप्रे शासकीय विद्यालय मतदान केंद्र पर सुबह से लेकर शाम तक भारी भीड़ उमड़ी। कई बुजुर्ग, महिला और पुरुष इस दौरान मतदान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए केंद्र पहुंचे। 91 वर्षीय रामचंद्र शुक्ल व्हीलचेयर पर अपने नाती के साथ मतदान केंद्र पहुंचे, जबकि 90 वर्षीय वंदना गनोदवाले अपने बेटे और बहू के साथ वॉकर के सहारे मतदान करने आईं।




### सेल्फी प्वाइंट पर खिंचवाई तस्वीर

चुनाव में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ब्रह्माकुमारी बहनों ने चौबे कालोनी स्थित स्कूल में मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर जाकर वोट डालने की पुष्टि की और उत्साह के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं।



हल्दी की रस्म पूरी कर दूल्हे ने परिवार संग डाला वोट



चुनाव में पहली बार वोट डालने पहुंचे युवा, हर वर्ग में दिखा उत्साह




### लोकतंत्र में ट्रांसजेंडर समुदाय की भी भागीदारी



नगर निगम चुनाव में ट्रांसजेंडर समुदाय ने भी लोकतंत्र के पर्व में सक्रिय रूप से भाग लिया। मतदान केंद्रों पर उत्साह के साथ पहुंचकर उन्होंने अपने अधिकार का इस्तेमाल किया। विद्या राजपूत ने बताया कि अब समाज में उनके योगदान को सराहा जा रहा है। यह बदलाव समाज में समावेशी माहौल को बढ़ावा देता है, और लोकतंत्र के प्रति सभी की समान भागीदारी का संदेश देता है।

### हल्दी रस्म के बाद परिवार के साथ मतदान



डूमरतराई निवासी विनय साहू ने मतदान के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का बेहतरीन उदाहरण पेश किया। अपनी शादी की हल्दी रस्म पूरी करने के बाद वे सीधे अपने परिवार के साथ मतदान केंद्र पहुंचे। विनय ने कहा कि शादी के दिनों में व्यस्तता अधिक रहती है, लेकिन मैंने यह तय किया था कि हल्दी रस्म पूरी होते ही पहले मतदान केंद्र जाऊंगा। मतदान का अधिकार हमारे लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और इसे हम सभी को गंभीरता से लेना चाहिए।

### उम्मीदवारों की करें अपने स्तर पर पड़ताल



पल्लवी हर्षपाल ने मतदान देने से पहले किन बातों पर ध्यान देना चाहिए, इसके बारे बताते हुए कहा कि पहले तो लोगों को जाति-धर्म देखकर कभी वोट नहीं देना चाहिए। दूसरा उम्मीदवारों की लंबी फेहरिस्त में यह देखना चाहिए कि कौन शिक्षित है। साथ ही अपने स्तर पर पड़ताल भी करनी चाहिए कि उसका चरित्र कैसा है।



### लोकतंत्र में मतदान करना ही सबसे बड़ी ताकत



पत्रकारिता की छात्रा रिचा गोस्वामी ने बताया कि लोकतंत्र में मतदान करना ही सबसे बड़ी ताकत है। इसलिए हमें मताधिकार का जरूर और सोच समझकर इस्तेमाल करना चाहिए। पार्षद से बहुत सी उम्मीदें हैं। इनमें साफ-सफाई, शुद्ध पानी, बिजली व स्वास्थ्य व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखना प्रमुख है।

### जीवन में मतदान हमेशा रही बड़ी जिम्मेदारी



83 वर्षीय जयराम बैद वॉकर के सहारे मतदान केंद्र पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि जीवन में मतदान हमेशा बड़ी जिम्मेदारी रही है। पार्षद बिना किसी भेदभाव के वार्ड के सभी हिस्सों की सफाई सुनिश्चित करें। जिस तरह बुजुर्ग मतदान कर अपनी जिम्मेदारी दिखा रखे हैं। इसी तरह पार्षद भी ईमानदारी से अपना काम करें, ताकि शहर में रहने वालों को अधिक राहत मिल सके।

### बेटे के साथ मतदान करने पहुंचे पिता



चुनाव के मतदान में 80 वर्षीय अनिल कुमार डहरवाल अपने पुत्र के साथ बूथ पर पहुंचे। हालांकि चलने फिरने में परेशानी के बावजूद उनका उत्साह देखा गया। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों द्वारा अदा किए जा रहे टैक्स का सही इस्तेमाल किया जाए, ताकि बिजली, जल, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं समान रूप से सभी को मिल सकें।

### पार्षद खुद से ज्यादा जनता का करें विकास



पं. रविशंकर शुक्ल के 91 वर्षीय नाती रमेश चंद्र शुक्ल बुढ़ापारा मतदान केंद्र पर पहुंचे तो लोगों की भीड़ उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेने में जुट गई। रमेश चंद्र अपने नाती अनुभव के साथ कार में आए। उठने-बैठने व चलने-फिरने में असमर्थ रमेशचंद्र मतदान स्थल पर उपलब्ध व्हीलचेयर से ईवीएम मशीन तक मतदान करने पहुंचे।

### 2030 में भी मतदान देने आऊंगी




90 वर्षीय वंदना गनोदवाले अपनी बहू और बेटे के साथ वॉकर के सहारे मतदान करने पहुंची। मतदान को लेकर उत्साह देखते ही बना। वंदना ने कहा, मैं 2030 में भी मतदान करने आऊंगी, भले ही मुझे बेटे और बहू खाट पर लिटाकर लेकर आएं। भावी पार्षदों से अपनी उम्मीदें जताते हुए कहा कि वे गरीबों की आवाज बनें और विशेष रूप से उनकी शिक्षा, चिकित्सा और विकास पर ध्यान दें, ताकि समाज के सभी वर्गों को समान अवसर मिल सके।

### समय-समय पर कराई जाए साफ-सफाई



19 वर्षीय वासुदेव सोनी ने निर्वाचन कार्ड बनने के बाद पहली बार टिकरापारा मतदान केंद्र में वोट दिया। वासुदेव मतदान को लेकर बहुत खुश दिखे। उसने बताया, हम युवाओं का कर्तव्य बनता है कि खुद तो मतदान करने जाएं ही, साथ में असमर्थ बुजुर्ग व दिव्यांगों को भी मतदान कराने ले जाएं। भावी पार्षद से उम्मीद है कि वे वार्ड में साफ-सफाई समय-समय कराते रहेंगे।

### मतदान दिवस का था बेसब्री से इतंजार



वंशिका लालवानी जब मतदान स्थल पर पहली बार वोट करने पहुंचीं तो उनके चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। बातचीत में उन्होंने बताया कि मुझे मतदान दिवस का बेसब्री से इतंजार था। वोट देकर आने के बाद भी मुझे काफी देर तक भरोसा नहीं हो रहा था कि मतदान कर चुकी हूं। पार्षद से उम्मीद है कि वे बिजली व स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने पर काम करेंगे।

## स्कूलों में बोर्ड छात्रों के डाउट कर रहे क्लीयर, डायग्राम से समझा रहे कठिन विषय

कार्नर न्यूज

# हिंदी में तय शब्द सीमा से अधिक लिखते हैं 80 प्रतिशत परीक्षार्थी, संस्कृत में मात्रा-वचन और रूप में कटते हैं नंबर

रायपुर। बोर्ड एग्जाम के करीब आते ही कमजोर बच्चों की चिंता कठिन विषयों को लेकर बढ़ने लगी है। उनकी चिंता कम करने और बच्चों के डाउट क्लीयर करने अब स्कूलों में शिक्षक प्रोजेक्टर के जरिए पढ़ाई करा रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि स्कूलों में 10वीं में विज्ञान, भूगोल तो वहीं 12वीं में बायो, रसायन और भौतिक के विषय को लेकर छात्रों के डाउट अधिक है। इसे दूर करने के लिए शिक्षक 40 मिनट से लेकर एक घंटे तक की अलग से क्लास ले रहे हैं। इसके अलावा छात्रों को बोर्ड पेपर में किस तरह से लिखना है और सवालों के जवाब लिखने में कितना समय देना है, यह समझा रहे हैं। साथ ही मात्राओं की गलतियों के बारे में बता रहे हैं, ताकि नंबर न कटें। स्कूलों में इन दिनों शिक्षक कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान दे रहे हैं, ताकि तैयारी को लेकर चिंता दूर हो। गणित, संस्कृत, इंग्लिश और विज्ञान समेत अन्य विषयों के महत्वपूर्ण सवालों को विस्तार से हल करना और उत्तर लिखना समझा रहे हैं।

### कॉलम बनाकर लिखें जवाब

प्रोजेक्टर के माध्यम से शिक्षक बच्चों को एग्जाम में उत्तर लिखने के तरीके बता रहे हैं। ऐसी गलतियों के बारे में भी बताया जा रहा है, जिसे ज्यादातर बच्चे करते ही हैं। शिक्षकों का कहना है कि ऑब्जेक्टिव सवाल का जवाब देने के लिए प्रश्न और उसके विकल्पों को उसी तरह लिख देते हैं, जैसा प्रश्नपत्र में लिखा है, बाद में उन्हें आड़ी-तिरछी लकीर खींचकर सही ऑप्शन चुनते हैं। एग्जाम में कॉलम बनाकर जवाब लिखने चाहिए।



### चिन्हों के कारण भी कटते हैं अंक



अक्सर स्टूडेंट्स की शिकायत होती है कि पेपर अच्छा जाने के बाद भी अंक वैसे नहीं आते, जैसी उम्मीद थी। इसलिए अब शिक्षक स्कूल में विषयवार उत्तर लिखने की जानकारी दे रहे हैं। शिक्षक बिहारीलाल शर्मा ने बताया, हिंदी में 80 फीसदी छात्र लिखते वक्त शब्द सीमा पार कर जाते हैं। इस वजह से नंबर कट जाते हैं। बच्चों को मात्राओं की जानकारी दे रहे हैं, क्योंकि विराम चिन्ह पर ध्यान नहीं देने के कारण भी नंबर कट जाते हैं। एक ही उत्तर में मात्रा संबधी दो से तीन त्रुटियों पर आधा नंबर कटता है। छात्रों को बताया कि सरल शब्दों में उत्तर लिखें, जो पूछा गया है, उसका तय शब्दों में जवाब दें। कंटेंट महत्वपूर्ण होता है, ज्यादा शब्द नहीं।

### काल आदि के प्रश्नों में गलती अधिक

शिक्षक बच्चों को बता रहे हैं कि गणित की तरह संस्कृत में भी पूरे अंक मिल सकते हैं। इस विषय में छात्रों के नंबर मात्रा, वचन और रूप आदि में सबसे ज्यादा कटते हैं। लिखावट साफ न होने और गलत शब्द लिखने से एक से दो नंबर कट जाते हैं। इसी तरह काल आदि के प्रश्नों में छात्र गलती करते हैं। सोशल साइंस में छात्र तारीख और नाम गलत लिखते हैं तो वहीं इंग्लिश में कॉमा, फुलस्टॉप न लगाने से अंक कम होते हैं। ग्रामर के पार्ट में परीक्षार्थी सबसे ज्यादा गलती करते हैं। प्रश्न को समझे बिना ही गलत उत्तर लिखते हैं।

### अपने रुटीन समय पर करें पढ़ाई

स्कूल में छात्रों को अपने रुटीन समय पर पढ़ाई करने को कहा जा रहा है, ताकि नींद पूरी हो सके। अनियमित समय में पढ़ाई करने से स्वास्थ्य भी खराब हो सकता है। घर में जिस समय और जगह पर पढ़ाई करते हैं, वहीं करें। रटने और रिपीट करने से ज्यादा विषयों को ध्यान से समझने के लिए कहा जा रहा है। इसके अलावा एक घंटे के बाद छोटा ब्रेक लेने भी सुझाव दिए जा रहे हैं।

धर्म लाइव

## विषैलेपन से बचने फूलकांस के बर्तन में करना चाहिए भोजन



रायपुर। देवांगन समाज कोहका मंडल के द्वारा परमेश्वरी महोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। विशिष्ट अतिथियों एवं प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। समारोह में प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य एवं संत बिरेंद्र देशमुख का उनके योगदान के लिए सम्मान किया गया। नाड़ी वैद्य एवं संत बिरेंद्र देशमुख ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें भक्ति के साथ साथ अपने स्वास्थ्य को अच्छा बनाए रखने के लिए अपने खान-पान पर नियंत्रण रखना जरूरी है। आजकल के टाक्सिक भोजन के विशैलापन से बचने के लिए पुराने समय में उपयोग आने वाली फूलकांस के बर्तन में भोजन करना चाहिए। इससे चर्मरोग में लाभ मिलता है। अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने कहा ईष्ट देवी माता परमेश्वरी की छत्रछाया में देवांगन समाज फल-फूल रहा है।

### सामाजिक एकजुटता जरूरी

एडवोकेट प्रेमचंद देवांगन ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सभी एकजुट होकर रहें। प्रथम सत्र में जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष पुरानिक राम देवांगन, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र लिमजे, कैम्प भिलाई मंडल अध्यक्ष भेदूराम देवांगन, संत माताजी, विशेष रूप से उपस्थित हुए। देवांगन समाज कोहका की अध्यक्ष तारा देवांगन, सचिव मुकेश देवांगन, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र देवांगन , महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सीमा देवांगन, सचिव रीना देवांगन सहित पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया।

आराधना

## दानव वध की मनमोहक झांकी पौराणिक कथा से दिया संदेश



रायपुर। महिषासुर रूपी नक्सलवाद व आतंकवाद का देवी शक्ति से हो रहा है। यह बातें देवी भागवत के दौरान कथावाचक पं. पवन तिवारी ने कही। मां दुर्गा मंदिर समिति द्वारा आयोजित देवी भागवत कथा के आठवें दिन कथाव्यास पं. पवन तिवारी ने अहिल्या, शुंभ-निशुंभ व रक्तबीज वध का प्रसंग सुनाया। कथा में बताया कि इंद्र ने छलपूर्वक महर्षि गौतम की पत्नि अहिल्या का स्त्रीत्व भंग कर दिया। ऋषि के श्राप से अहिल्या पत्थर बन गई जिसका उद्घार त्रेतायुग में हुआ। उन्होंने बताया कि दुराचारी पापी दानवों में शुंभ-निशुंभ का मां कौशिकी और चंड-मुंड का संहार मां चंडिका ने किया।

### आज हवन पूजन

दानव वधों की मनोहर झांकी भी प्रस्तुत की गई। कथाव्यास ने कहा कि नक्सलवाद, आतंकवाद महिषासुर है, जिनका अंत देवी शक्ति से हो रही है। लोगों ने कथाव्यास व मां दुर्गा का आशीर्वाद लेकर नगरवासियों की सुख-समृद्धि के लिए कामना की। आज तुलसी वर्षा, हवन-पूजन व भंडारे के साथ कथा का समापन होगा। प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग कथा सुनने पहुंचे। इस दौरान कथा वाचक पं. तिवारी ने लोगों को सकारात्मक विचारों के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही लोगों को पौराणिक कथा भी सुनाई।

सिटी लाइव

## मनुष्य का जीवन लंबा नहीं बल्कि महान होना चाहिए



रायपुर। डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर की जीवन संगिनी रमा बाई अंबेडकर की जयंती को एक वैचारिक समारोह के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर गोंदिया से सविता ऊके, नागपुर से अपेक्षा अमीन दीवान, वर्षा बागड़े, प्रेरणा धाबर्डे, सविता मेश्राम, अल्का बौद्ध और सविता बौद्ध उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन जयश्री बौद्ध और डॉ.सरोज बौद्ध ने किया। सविता ऊके ने आधुनिक रमाई एकल नाटिका के माध्यम से रमा बाई अंबेडकर के बचपन से लेकर अल्पायु में मृत्यु तक का संघर्षमय जीवन, उनके त्याग, समर्पण और निस्वार्थ सेवा भाव को प्रस्तुत किया। वही अपेक्षा अमीन दीवान ने भारत की राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली पर अपने विचार रखें।

### निस्वार्थ सेवा भाव को किया प्रस्तुत

दि बुद्धिष्ट सोसायटी ऑफ इंडिया की अध्यक्ष वर्षा बागड़े ने रमा बाई अंबेडकर के जीवन संघर्ष को रखते हुए कहा कि मनुष्य का जीवन लंबा नही बल्कि महान होना चाहिए। प्रेरणा धाबर्डे ने कहा कि फिल्म में रमाई की भूमिका निभाकर अपने आप को गर्वांवित महसूस किया है। सविता मेश्राम ने रमाई के जीवन के मुख्य प्रसंगों पर अपनी बात रखी। प्रस्तावक अल्का बौद्ध ने अपने वक्तव्य में रमाबाई अंबेडकर जयंती मनाये जाने के बारे में बताया कि रमा बाई द्वारा डॉ बाबासाहेब अम्बेडकर को अध्ययन अध्यापन करने में मददगार बनी।

**शहर के टॉपर स्टूडेंट्स ने कहा - सोशल मीडिया से होती है समय की बर्बादी, इसलिए एग्जाम तक बनाई दूरी**

# कोचिंग के बाद 5 घंटे की सेल्फ स्टडी, सोशल मीडिया से दूरी से बढ़ी पढ़ाई में एकाग्रता, राजधानी के शौर्य बने स्टेट टॉपर

**नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन जनवरी सेशन का परिणाम जारी कर दिया है। कुल 10 शिफ्टों में हुई परीक्षा में 14 स्टूडेंट्स ने 100 एनटीए स्कोर प्राप्त किया है। रायपुर के शौर्य अग्रवाल ने टॉप किया है। 99.99 पर्सेंटाइल के साथ शौर्य स्टेट टॉपर बने। इसके अलावा एलन कैरियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स का भी प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है।**

रायपुर। हरिभूमि ने टॉपर स्टूडेंट्स से बातचीत की। उन्होंने बताया कि नियमित 5 से 6 घंटे की पढ़ाई ने उन्हें टॉप बनाया। कोचिंग के बाद घर में खुद से ही पढ़ाई करते थे। इस बीच कई स्टूडेंट्स ने सोशल मीडिया से दूरी बनाई तो कई छात्रों ने खुद को केवल पढ़ाई तक सीमित रखा। बता दें कि जेईई-मेन जनवरी सेशन बीई-बीटेक के लिए 22 से 29 जनवरी के मध्य 5 दिन में 10 शिफ्टों में हुई थी। फाइनल आंसर की 10 फरवरी को जारी की गई थी। प्रेस रिलीज के अनुसार परीक्षा के लिए 13 लाख 11 हजार 544 स्टूडेंट्स ने आवेदन किया था।

### दसवीं के बाद शुरू की तैयारी



जेईई मेन परीक्षा में 99.95 पर्सेंटाइल पाने वाले हर्षल गुप्ता ने बताया कि मैं आईआईटी जेई की तैयारी के लिए दसवीं के बाद 2023 से ही जुट गया था। मेरी दिनचर्या में जल्दी सोना, सुबह उठकर पढ़ना और समय से खानपान करना प्रमुख रूप से शामिल है। मैं मानसिक तनाव से दूर रहने के लिए योगा और रनिंग का सहारा लेता था। 5 घंटे कोचिंग क्लासेस के बाद घर पर भी 6 से 7 घंटे पढ़ाई करता था। इसके अलावा, कोचिंग में पढ़ाए गए टॉपिक्स का रोज का रोज रिवीजन करता था। तैयारी की इस पूरी साधना में सोशल मीडिया से पूरी तरह दूर रहा।

### सीबीएसई बोर्ड से पहले जेईई मेन की तैयारी



हर्ष गुप्ता 2023 से जेईई मेन की तैयारी कर रहे हैं। इस बार 99.91 पर्सेंटाइल हासिल किया है। बातचीत में बताया कि कोचिंग में पढ़ाए गए टॉपिक को रोजाना समय से घर पर रिवीजन करता था। असाइनमेंट और वीकली टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश रहती थी। सोशल मीडिया से भले ही दूर थे, लेकिन प्रतिदिन सुबह के समय शारीरिक गतिविधि और योग करता था। किसी भी एग्जाम को क्रैक करने में निरंतरता की अहम भूमिका होती है। फरवरी माह में हर्ष के बारहवीं के सीबीएसई बोर्ड के एग्जाम हैं, इस पर उन्होंने बताया कि ज्यादातर टॉपिक एक ही हैं, इसलिए परीक्षा का तनाव नहीं है।

### जानिए एनटीए स्कोर निकालने का फार्मूला




सर्वप्रथम प्रत्येक स्टूडेंट्स के रॉ स्कोर को निकला जाता है, उसके बाद उस स्टूडेंट्स के बराबर और उससे कम रॉ स्कोर वाले स्टूडेंट्स की संख्या ली जाती है, इसे 100 से गुना कर, कुल परीक्षा देने वाले स्टूडेंट्स से भाग देकर 7 डेसिमल में परसेंटाइल निकाला जाता है, जिसे उस स्टूडेंट का एनटीए स्कोर बोला जाता है। यह पर्सेन्टाइल फार्मूला विद्यार्थियों के कुल औसतन प्राप्तांकों के साथ-साथ मैथ्स, फिजिक्स एवं कैमेस्ट्री के प्राप्तांकों पर भी लागू होता है। इस फॉर्मूले से प्रत्येक स्टूडेंट का टोटल एनटीए स्कोर के साथ-साथ प्रत्येक विषय का एनटीए स्कोर निकाला गया। अप्रैल सेशन का एनटीए स्कोर भी निकाला जाएगा। यदि विद्यार्थी जनवरी व अप्रैल दोनों जेईई-मेन परीक्षा देता है तो उसकी दोनों परीक्षाओं के अधिकतम एनटीए स्कोर के आधार पर ही आल इंडिया रैंक जारी किया जाएगा।

### 99.5 पर्सेन्टाइल वालों को करनी चाहिए जेईई-एडवांस्ड की तैयारी

*एक्सपर्ट कुणाल सिंह का कहना है, जेईई-मेन परीक्षा देने के 2 विकल्प विद्यार्थियों के पास है। जिनका जनवरी जेईई-मेन पर्सेन्टाइल 99.5 से अधिक है, उन विद्यार्थियों को जेईई-एडवांस्ड की परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए। क्योंकि उनकी इस पर्सेन्टाइल पर अच्छे एनआईटी में कोर ब्रांचेज मिलने का विकल्प सुरक्षित हो गया है। 99.5 से 98.5 पर्सेन्टाइल स्कोर के मध्य वाले विद्यार्थी सुविधानुसार जेईई-मेन दे सकते हैं। जिनका पर्सेन्टाइल 98.5 से कम है, इन्हें जेईई-मेन, अप्रैल के साथ एडवांस्ड की तैयारी पर ध्यान देना चाहिए।*

### 3 से 4 घंटे सेल्फ स्टडी पर दिया जोर



तनीशा अग्रवाल का जेईई एक्जाम में रिजल्ट 99.75 पर्सेंटाइल आया है। उन्होंने बताया कि क्लासेस के 5 घंटे के अलावा कोचिंग परिसर के ही सेल्फ-स्टडी रूम में 3 से 4 घंटे पढ़ाई करती थीं। बचपन से ही गणित विषय में गहरी रुचि थी। उनका सपना आईआईटी की प्रवेश परीक्षा पास करके कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई करना और डेटा साइंस के क्षेत्र में कॅरियर बनाना है। परीक्षा पास करने में सोशल मीडिया से दूरी बनाना कारगर साबित हुआ।

### टाइम मैनेजमेंट से सेलेक्शन की राह हुई आसान



श्रीसंत कुमार मोहराना ने आईआईटी जेई परीक्षा में 99.72 पर्सेंटाइल के साथ सफलता हासिल की, अपने सेलेक्शन का प्रमुख कारण टाइम मैनेजमेंट को बताते हैं। उन्होंने बताया कि कोचिंग सामान्यतः 5 घंटे की होती थी, लेकिन विशेष परिस्थितियों में यह 6 से 8 घंटे तक भी चली जाती थी। वे घर पर रोजाना 5 से 6 घंटे पढ़ाई करते थे। प्रतिदिन सुबह आधे घंटे साइकिलिंग करते थे, जिससे उनका मानसिक तनाव दूर रहता था। जेई मेन परीक्षा में बैठने वाले बच्चों के लिए उनका एक संदेश है कि भले ही रोज 4 घंटे पढ़ाई न कर पाएं, लेकिन कुछ न कुछ जरूर पढ़ें। उनका सपना फिलहाल आईआईटी मुंबई से कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई करना है।

# महादेव की बारात में भूत-पिशाच की झांकी रहेगी आकर्षण, दूसरे राज्यों के कलाकार होंगे शामिल

### महाशिवरात्रि पर वैदिक पद्धति से होगा महादेव का विवाह



रायपुर। महाशिवरात्रि 26 को में धूमधाम से मनाई जाएगी। शहर के प्राचीन मंदिर में महादेव और माता पार्वती के विवाह को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। मंदिर प्रबंधन द्वारा विवाह की रूपरेखा बनाने के बाद अब रंगरोगन का काम शुरू किया जा चुका है। इस बार भी भक्तों को महादेव की बारात में भूत-पिशाच, नंदी महाराज और शिव भगवान का रूप धरे भक्तों की झांकी देखने को मिलेगी। प्रदेश के साथ वृंदावन और उज्जैन के कलाकार प्रस्तुति देंगे। सामाजिक संस्थाएं भी इस बार मंदिर से ढोल-नगाड़े के साथ बारात निकालेंगी।हाटकेश्वर महादेव, नीलकंठेश्वर मंदिर, सुरेश्वर महादेवपीठ, नरहरेश्वर महादेव सहित सरोना स्थित महादेव मंदिर में भव्य आयोजन किया जाएगा। महाशिवरात्रि की तिथि प्रारंभ होते ही भजन-कीर्तन प्रारंभ होगा।

### वैदिक काल की परंपरा का अनुसरण

महादेवघाट स्थित हाटकेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि को लेकर तैयार शुरू हो चुकी है। प्रतिवर्ष की तरह दोपहर 1 बजे मंदिर से भोलेबाबा की बारात निकलेगी, जो सत्यम विहार कॉलोनी जाएगी। इस दौरान बारात में परंपरा अनुसार भूत-पिशाच के रूप में शिवभक्त शामिल होंगे। वैदिक काल के अनुसार महादेव और माता पार्वती का विवाह होगा। इस दौरान महाआरती होगी, जिसके बाद शाम 5 से 6 बजे विदाई होगी। ढोल-नगाड़े के साथ माता पार्वती मंदिर आएंगी। इसके बाद रात 8 बजे भव्य श्रृंगार के साथ महाआरती होगी।

### भस्म अभिषेक और पूजा

बुढ़ेश्वर मंदिर में सुबह 5 बजे महादेव की महाआरती से मंदिर के पट भक्तों के लिए खोले जाएंगे। मंदिर परिसर को विवाह भवन की तर्ज पर फूलों से सजाया जाएगा। मंदिर में दिनभर धार्मिक अनुष्ठान होंगे।

### दूसरे राज्यों के कलाकार होंगे शामिल

नहरपारा स्थित श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में भी महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। महादेव का रुद्राभिषेक होगा। यहां बारात निकलेगी, जिसमें दूसरे राज्यों के कलाकार शामिल हो सकते हैं। बारात में श्रद्धालु भूत, प्रेत, देवी-देवताओं का रूप धारण कर शामिल होंगे। रात्रि में विशेष पूजन और अगले दिन महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर में महाशिवरात्रि को लेकर तैयार शुरू हो चुकी हैं। विवाह से जुड़े अनुष्ठान के अनुसार मंदिर को सजाया जाएगा।

### झांकियों में दिखेंगे शिव के विभिन्न रूप

टिकरापारा स्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर से भोलेनाथ की बारात निकाली जाएगी। बारात में कलाकार विविध रूप धारण करेंगे। गाजे-बाजे और झांकियों के साथ बारात आसपास के इलाकों का भ्रमण कर वापस मंदिर पहुंचेगी। झांकियों में शिव के विभिन्न रूप दिखेंगे।

दिव्यांग जोड़ों का सामूहिक विवाह 16 को

# हल्दी रस्म, मेहंदी और संगीत संध्या भी



रायपुर। दिव्यांग जोड़ों का 15वां राज्य स्तरीय सामूहिक विवाह 16 फरवरी को आशीर्वाद भवन में आयोजित है। अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत, कान्यकुब्ज सभा व शिक्षा मंडल, रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच और सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क आयोजन किया जा रहा है। दिव्यांगजनों के सामाजिक पुनर्वास की दिशा में यह आयोजन खास महत्व रखता है। कार्यक्रम की शुरुआत 15 फरवरी को सुबह 10 बजे पंजीयन से होगी। इसके बाद अपराह्न 4 बजे हल्दी और मेहंदी की रस्में की जाएंगी और शाम 6 बजे से संगीत संध्या का आयोजन होगा। 16 फरवरी को सुबह 10 बजे से सामूहिक विवाह की शुरुआत होगी। अपराह्न 4 बजे से आशीर्वाद समारोह और शाम 6 बजे वैवाहिक जोड़ों को उपहार वितरित किए जाएंगे।

### सुबह 9 बजे पहुंचना अनिवार्य

शाम 6 बजे रामदास अग्रवाल और उनके सहयोगियों द्वारा डांस ग्रुप के साथ गीत-संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। समारोह में शामिल होने के लिए दिव्यांग जोड़ों को 15 फरवरी को सुबह 9 बजे आशीर्वाद भवन में पहुंचना अनिवार्य है। सभी कार्यक्रम निशुल्क होंगे। कार्यक्रम के प्रभारी घनश्याम पोद्दार, अनुराधा दुबे, डीएस कुशवाहा और दीपक अग्रवाल ने जोड़ों से अपील की है कि वे शीघ्र ही आयोजन समिति को सूचित करें, ताकि आवश्यक तैयारियां की जा सकें। सुभाष अग्रवाल और संतोष तिवारी ने बताया कि सामूहिक विवाह में शामिल परिवार अपनी पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन कर सकते हैं। वर और वधु दोनों की ओर से व्यक्ति विवाह में शामिल हो सकते हैं और प्रत्येक नवदंपति को गृहस्थ जीवन की सामग्री उपहार स्वरूप दी जाएगी।

**लाल, नीला, पीला, सफेद, गुलाबी, हरा, बैंगनी और आसमानी रंग का गुलाब**

# आर्य समाज में मंडप तैयार, कोर्ट में होंगी दर्जनभर शादियां, होटल में कैंडल लाइट डिनर की बुकिंग भी फुल

कार्नर न्यूज





रायपुर। प्यार के दिन वैलेंटाइन डे पर पूरा शहर मोहब्बत के रंगों में रंग चुका है। बाजारों से लेकर होटल और कैफे तक सभी स्थान लाल रंग में सजने लगे हैं। इस खास दिन को और भी खास बनाने के लिए कपल्स ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। पूरे वैलेंटाइन वीक के दौरान 20 से अधिक शादियां कोर्ट में हो चुकी हैं, वहीं वैलेंटाइन डे 14 फरवरी को दर्जनभर शादियां होने की संभावना है। इस दिन शादी करने वाले लोग आर्य समाज से भी संपर्क कर रहे हैं। आर्य समाज की संजय नगर शाखा के सदस्य ने बताया कि इस साल अभी तक बुकिंग नहीं आई है, लेकिन कई लोग इस दिन को लेकर जरूरी जानकारी ले रहे हैं। उनका कहना है कि वैलेंटाइन डे पर विवाह करने वालों को मुहूर्त और योग संयोग से कोई विशेष फर्क नहीं पड़ता, इसीलिए इस दिन शादियां अधिक हो रही हैं। पिछले साल से ज्यादा शादियां होने की उम्मीद जताई जा रही है। सिर्फ आर्य समाज ही नहीं, होटल्स और रेस्टोरेंट्स में भी वैलेंटाइन डे के मौके पर खास डिनर बुकिंग्स हो रही हैं। कैंडल लाइट डिनर के लिए होटलों की बुकिंग फुल हो गई है। वैलेंटाइन डे के इस मौके पर प्यार के रंगों से सजे गुलाब भी बाजारों में धूम मचाए हुए हैं। लाल, नीला, पीला, सफेद, गुलाबी, हरा, बैंगनी और आसमानी रंग के गुलाबों की बिक्री तेजी से हो रही है।



### एक हजार से 5 हजार तक फूलों के गुलदस्ते

वैलेंटाइन डे को लेकर बाजार में फूलों बाद 20 से 50 रुपए तक बढ़ गए है। मंगलवार को 1 हजार से लेकर 5 हजार तक गुलाब के फूलों का गुलदस्ता तैयार करने लोगों ने बुकिंग कराई। देशी और विदेशी गुलाबों की महक ने गुलदस्तों की मांग बढ़ा दी है। रंगीन गुलाब के फूलों को गुलदस्ता सबसे महंगा बताया जा रहा है, जिसकी कीमत 5 हजार तक है। दुकानदारों का कहना है कि ये फूल 4 दिनों तक नहीं मुरझाएंगे। इस वजह से दाम अधिक है। दोस्त, कपल्स और अपनों को गुलाब देने रंग अनुसार फूल खरीद रहे हैं।

### बैजनाथपारा में पूजा की तैयारी पूरी

वैलेंटाइन डे पर बैजनाथपारा आर्य समाज में सुबह व दोपहर में विवाह होंगे। प्रबंधक ने बताया कि वैलेंटाइन डे पर कई लोग बिना बुकिंग के पहुंचते हैं। लोगों का समय खराब न हो, इसके लिए विवाह को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। जो बुकिंग करा चुके हैं, उन्हें समय दिया जा चुका है। आर्य समाज में एक साथ दो शादियां भी हो सकती हैं। मंडप तैयार किया जा चुका है।

### बिना शुभ मुहूर्त शादी के बाद घर में पूजा-पाठ

सनातन धर्म में सभी कार्य मुहूर्त के अनुसार किए जाते हैं, लेकिन बिना मुहूर्त के शादी करने बाद लोग घर की शांति के लिए गृहशांति और सत्यनारायण की पूजा करा रहे हैं। पुरोहित के मुताबिक, बिना मुहूर्त के विवाह किए जाने से रिश्ते लंबे समय मधुरता नहीं रहती। कई शादियां बिना पंचांग और कुंडली मिलाएं होने लगी हैं। कई लोग बिना शुभ मुहूर्त शादी के बाद घर में पूजा-पाठ कराते हैं।

### हजार से अधिक गुलाब बिकने की उम्मीद

शहर में पहली बार वैलेंटाइन डे पर बेंगलुरु और कोलकाता से आठ रंगों के गुलाब फूल मंगाए गए हैं, जो युवाओं और कपल्स के बीच आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं। ये गुलाब विशेष ऑर्डर पर मंगाए गए हैं। लाल के साथ अब बाजार में नीला, बैंगनी, पीला, सफेद, गुलाबी, हरा और आसमानी रंग में भी गुलाब उपलब्ध है। इसकी कीमत 50 से 100 रुपए तक है। फूल चौक स्थित दुकानदार राहुल ने बताया कि वैलेंटाइन डे पर हजार से अधिक गुलाब हाथों-हाथ बिकने की उम्मीद है। होटल सजाने के साथ गिफ्ट देने के लिए बिक्री अधिक रही। उन्होंने बताया, गुलाब के नए रंग लोगों को आकर्षित कर रहा है। यह गुलाब केवल रंग में होते हैं।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

# मिशन इम्पॉसिबल-8 के सेट पर टॉम क्रूज ने मौत को दी मात



हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज अपने स्टंट खुद करने से नहीं कतराते। चाहे हेलीकॉप्टर से लटकना हो या बर्फीले समुद्र में गोता लगाना हो, उन्होंने सब कुछ किया है। वह अपने इस एक्शन अवतार और निडरता को अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मिशनः इम्पॉसिबल- द फाइनल रेकनिंग' में भी दिखा रहे हैं।

अभिनेता ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वे एक उल्टे विमान से लटके हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि निर्देशक क्रिस्टोफर मैकक्वेरी इस साहसिक स्टंट को फिल्मा रहे हैं। क्लिप के कैप्शन में टॉम ने लिखा, 'हैंग ऑन!!!'। बाद में उन्होंने खुलासा किया कि स्टंट करते समय वे बेहोश हो गए थे। उन्होंने बताया, 'जब आप अपना चेहरा बाहर निकालते हैं, 120 से 130 मील प्रति घंटे की रफ्तार से चलते हैं तो आपको ऑक्सीजन नहीं मिल पाती।' अभिनेता ने आगे कहा, 'इसलिए मुझे खुद को सांस लेने की ट्रेनिंग देनी पड़ी। कई बार मैं शारीरिक रूप से बेहोश हो जाता था। मैं कॉकपिट में वापस जाने में असमर्थ था।' टॉम क्रूज आगामी मिशनः इम्पॉसिबल किस्त में जासूस एथन हंट के रूप में अपनी भूमिका को दोहरा रहे हैं। वहीं, निर्देशक क्रिस्टोफर मैकक्वेरी ने उसी साक्षात्कार में फिल्म में पहले कभी न देखे गए स्टंट का संकेत दिया। उन्होंने मजाक में कहा, 'इस फिल्म में ऐसे स्टंट हैं, जो आपके दिमाग को पिघला देंगे।' उन्होंने फिल्म के जबरदस्त एक्शन दृश्यों को भी याद किया और कहा कि जब टॉम बाहर निकलेगा और कुछ ऐसा करेगा, जो उसने पहले कभी नहीं किया होगा।' क्रिस्टोफर मैकक्वेरी ने आगे फिल्म में एक ऐसे स्टंट का संकेत दिया जो टॉम क्रूज के विमान और पानी के नीचे के करतबों से भी बेहतर है। उन्होंने कहा, 'मैं वास्तव में उस तनाव के बारे में सोचकर डर चाहता हूं। यह बहुत खतरनाक था।' फिल्म मिशनः इम्पॉसिबल- द फाइनल रेकनिंग का टीजर ट्रेलर पहले ही जारी हो चुका है, जिससे पता चलता है कि एथन हंट की द एंटिटी नामक शक्तिशाली एआई के खिलाफ लड़ाई वहीं से शुरू होगी, जहां 2023 के डेड रेकनिंग पार्ट वन का अंत हुआ था। इसमें हन्नाह वाडिंगम, निक ऑफरमैन, कैटी ओ ब्रायन और ट्रामेल टिलमैन भी हैं। यह फिल्म 23 मई को दुनियाभर में रिलीज होगी।

टॉलीवुड

# 'मेरे बेटे तुम पर गर्व है...', 'तंडेल' में नागा का अभिनय देख भावुक हुए नागार्जुन



नागा चैतन्य और साई पल्लवी अभिनीत बहुप्रतीक्षित तेलुगु फिल्म 'तंडेल' आखिरकार 7 फरवरी को बड़े पर्दे पर आ गई, दर्शकों का प्यार भी मिला। चंदू मोंडेती द्वारा लिखित और निर्देशित और देवी श्री प्रसाद द्वारा एक भावपूर्ण साउंडट्रैक के साथ फिल्म ने पहले ही अपनी भावनात्मक रूप से भरी कहानी और मनोरंजक प्रदर्शनों से दर्शकों का दिल जीत लिया है। फिल्म को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया के बीच अब नागा चैतन्य के पिता और सुपरस्टार नागार्जुन ने अपने बेटे पर बहुत गर्व महसूस किया और अपनी भावनाओं को सोशल मीडिया पर व्यक्त किया। एक्स पर एक भावपूर्ण नोट साझा करते हुए नागार्जुन ने 'तंडेल' के आधिकारिक पोस्टर के साथ नागा चैतन्य को गले लगाते हुए अपनी एक मार्मिक तस्वीर पोस्ट की। हालांकि, उनके पोस्ट ने फैंस को भी भावुक कर दिया। पोस्ट साझा करते हुए नागार्जुन ने लिखा, 'प्रिय नागा चैतन्य, मुझे तुम पर गर्व है बेटा। मैंने तुम्हें सीमाओं को लांघते, चुनौतियों का सामना करते और इस कला को अपना दिल देते देखा है। तंडेल सिर्फ एक और फिल्म नहीं है - यह तुम्हारे अथक जुनून, बड़े सपने देखने की हिम्मत और तुम्हारी कड़ी मेहनत का सबूत है।' नागार्जुन ने चैतन्य के फैंस का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे लिखा, 'आप हमारे साथ परिवार की तरह खड़े रहे हैं और तंडेल की सफलता उतनी ही आपकी है जितनी हमारी। आपके अंतहीन प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। आभार। नागार्जुन ने पूरी तंडेल टीम की भी सराहना की और कहा, 'अल्लू अरविंद गारू और बनी वासु को बहुत-बहुत धन्यवाद। अद्भुत प्रतिभाशाली साई पल्लवी को बधाई- आप हमेशा चौंका देती हैं। प्रतिभाशाली देवी श्री प्रसाद, आप कमाल हैं। उभरते हुए सितारे निर्देशक चंदू मोंडेती और शानदार तंडेल की टीम को इस पल को अविस्मरणीय बनाने के लिए धन्यवाद।'

भोजपुरी

# काजल ने खेसारी पर किया कमेंट वजह जानकर रह जाएंगे दंग



भोजपुरी सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस काजल राघवानी के चर्चे कुछ ज्यादा ही हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अब अपने इंटरव्यूज में वो खेसारी लाल यादव के साथ अपने रिलेशन पर खुलकर बात करने लगी हैं। काजल राघवानी भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की हाइएस्ट पेड एक्ट्रेसेस की लिस्ट में शामिल हैं और उन्होंने पवन सिंह, खेसारी लाल समेत कई सितारों के साथ हिट फिल्में दी हैं। 2017 से लेकर 2019 तक खेसारी और काजल के अफेयर के किस्से खूब सुनने को मिले, लेकिन बाद में उनका ब्रेकअप हो गया। एक यूट्यूब चैनल को काजल राघवानी ने 2022 में एक इंटरव्यू दिया था। इमसें उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर कई बातें शेयर की हैं। इसमें ये भी बताया गया कि खेसारी लाल के सामने वन टू वन बात करने को तैयार हैं। इंटरव्यू में काजल राघवानी से पूछा गया कि खेसारी लाल ने कहा है कि उन्हें जब पता चला कि आप उनसे शादी करना चाहती हैं तो उन्होंने आपको छोड़ दिया क्योंकि वो पहले से मैरिड थे, इसपर आप क्या कहती हैं? काजल ने इसका जवाब दिया, 'खेसारी लाल ने मुझे बिल्कुल भी नहीं छोड़ा है, अगर हर जगह उसने जाकर बोला है कि मैंने उसे छोड़ दिया, काजल राघवानी ने मुझे धोखा दिया तो आई एम वेरी सॉरी मैंने उनको छोड़ा है और वो ये बात जानते हैं। अगर हिम्मत है। दुनिया के सामने तो मैं भी कुछ भी बोल सकती हूं, चिल्ला-चिल्ला कर। अगर हिम्मत है तो सामने बिठाके बोलें तब मानेंगे। कि कौन सच्चा और कौन झूठा है, वो क्या मुझे छोड़ेगा, मैं खुद उनकी सच्चाई जानने के बाद उन्हें छोड़ा आई।'इसके बाद इंटरव्यू में पूछा गया, 'इतना सबकुछ हुआ था काजल राघवानी जी के साथ, इतना अपमान होने के बाद कुछ 1 साल पहले आप खेसारी जी के साथ स्टेज शो करती हैं?' काजल ने इसका जवाब दिया, 'वो मेरा काम है, मेरा काम था मैंने किया और जिस इवेंट के लिए मुझे बुक किया था, उन्होंने पहले मुझे बुक किया था खेसारी जी तो बाद में बुक हुए थे। मैं अपने परिवार के लिए काम करती हूं, मैं किसी के लिए उससे समझौता क्यों करूं।'

लाइफ स्टाइल



मैक्सिको का फैशन

जूलिया रेनाटा, फ्रेंको क्रिस और गोयरी मैनकैकंडी जैसे मॉडल्स ने प्रकृति की शक्तियों और समाज पर उनके प्रभाव को अपने फैशन से चित्रित किया है। उन्होंने अपने स्प्रिंग शो का शीर्षक अरुमुरु ओट्रो मुंडो रखा, जो मैक्सिकन चित्रकार और लेखक डॉ। एटल की किताब से प्रेरित है।

# साड़ी के लेटेस्ट फैशन ट्रेंड अपनी बॉडी टाइप के हिसाब से स्टाइल जरूर करें



फैशन

साड़ी फैशन आजकल चलन में है और साड़ी के साथ मैचिंग ब्लाउज को पहना जाता है। आए दिन फैशन ट्रेंड तेजी के साथ बदल रहा है और कुछ नया मार्केट में देखने को नजर आ रहा है। ऐसे में साड़ी का चलन कभी भी आउट ऑफ़ फैशन नहीं होता है और इसे तरह-तरह से स्टाइल किया जाता है।



सेलेब्रिटी लुक की बात करें तो आजकल एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे के साड़ी डिजाइंस आजकल काफी चलन में है। तो चलिए देखते हैं एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे के कुछ स्टाइलिश ब्लाउज डिजाइंस, जिन्हें आप आसानी से पहनकर अपने साड़ी लुक को खास बना सकती हैं। साथ ही बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स।

## टर्टल नेक ब्लाउज

अगर आप बंद गले के ब्लाउज पहनना पसंद करती हैं तो इस तरह के गले से लगे हुए टर्टल नेक ब्लाउज डिजाइन को आप पहन सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज के साथ आप स्लीवलेस बाजू बनवाएं। साथ ही आप ज्वेलरी को स्किप भी कर सकती हैं।

## ब्रालेट ब्लाउज डिजाइन

बोल्ड और मॉडर्न लुक पाना चाहती हैं तो इस तरह का ब्रालेट डिजाइन का ब्लाउज आपके लुक को आकर्षक बनाने में मदद करेगा। इस तरीके के हैवी वर्क वाले ब्लाउज आपको मार्केट में रेडीमेड भी आसानी से मिल जाएंगे। ऐसा पर्ल या बीड्स डिजाइन खासकर पेस्टल कलर की साड़ी के साथ खूबसूरत नजर आता है।

## राउंड नेक ब्लाउज डिजाइन

सिंपल डिजाइन वाले नेक लाइन पहनना पसंद करती हैं तो इस तरीके के गोल गले वाले ब्लाउज आपके लुक को खास बनाने में मदद करेंगे। इस तरीके की नेक लाइन आप सिल्क साड़ी के साथ ट्राई करें। स्टाइलिंग की बात करें तो गले में हैवी स्टेटमेंट चोकर और मैचिंग इयररिंग्स को पहनें।

## स्लीवलेस ब्लाउज डिजाइन

इंडो-वेस्टर्न या मॉडर्न लुक लुक पाना चाहती हैं तो प्लेन साड़ी के साथ इस तरीके का स्लीवलेस ब्लाउज आप ट्राई कर सकती हैं।

# प्याज का रस बालों में लगाने से पहले इन बातों का रखें ख्याल



जब बालों की केयर की बात होती है, तो प्याज का रस बेहद कमाल काम करता है। दरअसल इसमें ऐसे कंपाउंड होते हैं, जो बैक्टीरिया और फंगस से लड़कर आपके बालों को हेल्दी बनाते हैं। इसमें मौजूद सल्फर बालों को टूटने और पतला होने से बचाता है। साथ ही साथ, इसके एंटीऑक्सीडेंट बालों को समय से पहले सफेद होने से रोकने में मदद कर सकता है।

जब इसका इस्तेमाल बालों में किया जाता है तो बालों को पोषण देने और उसे झड़ने से रोकने में मदद मिलती है। यह सच है कि प्याज का रस बालों के लिए लाभदायक है। लेकिन इसे इस्तेमाल करते समय आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का ख्याल रखना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसी ही कुछ बातों के बारे में बता रहे हैं-


## जरूर करें डायलूट

प्याज का रस बालों व स्कैल्प के लिए बेहद ही लाभकारी है। लेकिन इसे सही तरह से इस्तेमाल करना जरूरी होता है। हमेशा ध्यान रखें कि आप इसे डायलूट करके ही अपने बालों में इस्तेमाल करें। आाप एक भाग प्याज का रस (प्याज के रस से बालों की ग्रोथ कैसे करें) और दो से तीन भाग तेल डालकर मिक्स करें। इसके बाद ही आप प्याज का रस बालों में लगाएं। आप प्याज के रस में नारियल तेल या जैतून तेल मिक्स कर सकते हैं।

## करें पैच टेस्ट

अगर आप पहली बार प्याज का रस अपनी स्कैल्प पर लगा रही हैं तो यह बेहद जरूरी है कि आप एक बार पैच टेस्ट जरूर करें। इससे आपको किसी भी तरह के एलर्जिक रिएक्शन और स्किन सेंसेटिविटी के बारे में पता चलेगा। एक बार प्याज का रस एक छोटे से एरिया पर लगाने के बाद आप कम से कम 24 घंटे इंतजार करें जिससे कि कोई नेगेटिव रिएक्शन न हो।

# सन टैन को दूर करने के लिए खीरे का जरूर करें इस्तेमाल



सन टैन एक ऐसी समस्या है, जिसका सामना हम सभी ने कभी ना कभी किया ही है। जब किसी को सन टैन की समस्या होती है जो इससे स्किन में जलन, इरिटेशन व दर्द की समस्या हो सकती है। यूं तो सन टैन की समस्या को दूर करने के लिए मार्केट में कई तरह की क्रीम्स मिलती हैं, लेकिन अगर आप चाहें तो नेचुरल तरीके से भी अपनी स्किन को राहत पहुंचा सकती हैं। इसमें खीरा आपके काफी काम आ सकता है। यूं तो खीरे का उपयोग टैनिंग को दूर करने के लिए नहीं किया जाता है, लेकिन खीरे के सूदिंग और हाइड्रेटिंग गुण यकीनन आपके लिए मददगार हो सकते हैं। खीरे का उपयोग धूप के कारण होने वाली जलन की परेशानी को कम करने और अत्यधिक धूप के प्रभाव को कम करने के लिए किया जा सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको सन टैन को दूर करने के लिए खीरे का इस्तेमाल करने के कुछ तरीकों के बारे में बता रहे हैं-

## खीरे और गुलाब जल का करें इस्तेमाल

सन टैन होने पर स्किन को ठंडक की काफी जरूरत होती है। ऐसे में खीरे और गुलाब जल को मिक्स करके इस्तेमाल करना अच्छा विचार है।

सन टैन को रिमूव करने के लिए सबसे पहले खीरे को कद्दूकस करें और उसका रस निकाल लें। अब एक चम्मच गुलाब जल (घर पर कैसे बनाएं गुलाब जल) और खीरे का रस डालकर मिक्स करें। अब आप कॉटन बॉल की मदद से इसे स्किन पर लगाएं। थोड़ी देर तक इसे ऐसे ही रहने दें और फिर उसे ठंडे पानी से धो लें। इससे यकीनन आपको काफी अच्छा लगेगा।

## खीरे और नींबू के रस का करें इस्तेमाल


खीरे के साथ नींबू के रस का इस्तेमाल करने से भी सन टैन को दूर किया जा सकता है। नींबू में मौजूद विटामिन एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करता है।

# मेकअप स्पॉन्ज को क्लीन करते समय नहीं करनी चाहिए छोटी-छोटी गलतियां

मेकअप करते हुए हम कई तरह के प्रोडक्ट्स व टूल्स का इस्तेमाल करते हैं और इनमें से एक है मेकअप स्पॉन्ज। यह एक ऐसा टूल है, जिसकी मदद से आप अपने मेकअप प्रोडक्ट्स को अपनी स्किन पर बेहतर तरीके से अप्लाई कर पाती हैं। इतना ही नहीं, यह आपके महंगे व ब्रांडेड प्रोडक्ट्स को वेस्ट होने से भी रोकता है। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि मेकअप स्पॉन्ज आपकी मेकअप किट में होना बेहद जरूरी है। लेकिन आपको इसके हाइजीन को भी मेंटेन करना चाहिए। इस्तेमाल करने के बाद आपको इसे क्लीन अवश्य करना चाहिए। साथ ही, क्लीनिंग के दौरान आपको कुछ छोटी-छोटी गलतियों से बचना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी मेकअप स्पॉन्ज क्लीनिंग मिसटेक्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको अवॉयड करना चाहिए-

## मेकअप स्पॉन्ज को पहले सोक ना करना

जब आप मेकअप स्पॉन्ज को क्लीन करते हैं तो उसे पहले सोक करना जरूरी होता है। स्पॉन्ज को सोक



करने से उस पर लगे मेकअप को लूज करने में मदद मिलती है और वह अधिक बेहतर तरीके से क्लीन होता है। हालांकि, कई बार हम मेकअप स्पॉन्ज को क्लीन करने से पहले उसे सोक नहीं करते हैं। जिससे वह उतना अच्छी तरह क्लीन नहीं हो पाते हैं।

कार्नर न्यूज

बूट्स से दमदार दिखता है आपका व्यक्तित्व

# बूट्स है फैशन की डिमांड, जींस के साथ मैचिंग करना हो तो जान लें जरूरी टिप्स

बूट्स पहनना कोई कठिन काम नहीं है। क्योंकि मुझे बूट्स बहुत पसंद हैं। शायद आप भी यही बात कहें। बूट्स पहनने वाले पुरुषों का एक दमदार रूआब दिखता है। मगर ये बात आपके बूट्स पहनने के तरीके पर निर्भर करती है। अगर सही ढंग से नहीं पहने तो मजाक भी उड़ सकता है। इसलिए सामान्य जूतों की तुलना में बूट्स को कैरी करना थोड़ा पेचीदा है। लेकिन नामुमकिन नहीं। जिस तरह आप जूते पहनने की गलती को समझ गए हैं, वैसे ही अब बूट्स पहनने के नियम जान लें। ताकि आप किसी प्रकार की फैशन मिस्टेक न करें। इसके बाद आप भी बूट्स में धांसू नजर आ सकेंगे।

बूट्स भी एक नहीं स्टाइल-डिजाइन और कलर के आधार पर कई प्रकार के होते हैं। यहां पर आपको कुछ कॉमन बूट्स के बारे में बता देता हूं- कॉमबेट बूट्स, लेस अप बूट्स, एंकल बूट्स, बाइकर बूट्स,चेल्सा बूट्स और टिंबरलैंड बूट्स कई बूट्स वजन के आधार पर भी निर्भर करते हैं। उनको आप वेट के आधार पर बांट सकते हैं। जैसे हैवी बूट्स और लो वेट बूट्स



## कब पहने बूट्स

जब मन किया और जिसके साथ मन किया, उसके साथ बूट्स को नहीं पहन सकते हैं। कभी भी बूट्स को फॉर्मल ड्रेस के साथ पहनने की गलती न करें। साथ ही एथनिक ड्रेस के साथ भी न पहनें। इसे फैशन मिस्टेक माना जाता है। इसलिए बाइकिंग यानी ट्रैवलिंग के दौरान बूट्स को पहनकर जा सकते हैं। इसके लिए बाइकर बूट्स सही माने जाते हैं।

## परफेक्ट साइज की पहने पैंट

बूट्स पहनने वालों को एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए। बूट्स के साथ परफेक्ट साइज और लेंथ वाली पैंट ही पहनें। कभी भी बूट्स के साथ एंकल पैंट न पहनें और न ही बहुत लंबी पैंट पहननी चाहिए। ऐसी पैंट पहने, जो कि आपके बूट्स के ऊपरी हिस्से को कवर कर सके।

## जींस की लेंथ को मोड़कर पहनें

कई बार हमारी जींस की लेंथ लंबी होती है। इस लेंथ वाली जींस को आप स्नीकर्स या किसी अन्य शूज के साथ पहन सकते हैं। लेकिन बूट्स पहनने का नियम कहता है कि जींस की लेंथ को मोड़ दें। एक या दो बार लेंथ



को फोल्ड कर देने से बूट्स का लुक निखरकर आता है।

## सही रंग के बूट्स पहनें

बूट्स भी जूतों की तरह कई रंग के मिलते हैं। मगर शूज का कलर मैचिंग करें। किसी भी तरह की ड्रेस के साथ किसी भी रंग के बूट्स को नहीं पहन सकते। अगर ज्यादा कंफ्यूजन हो रहा है तो कॉमन कलर के बूट्स (काला, भूरा, मरून) लें। इनको आप अधिकतर ड्रेस के साथ आसानी से मैच कर सकते हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

# सीनियर प्लेट ग्रुप क्रिकेट में अमित का शानदार शतक



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रीक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 9 फरवरी से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 14 टीमें भाग ले रही है। मंगलवार को प्रतियोगिता में 3 मैच खेले गये।

ग्रुप ए का पहला तीन दिवसीय मैच सरगुजा एवं रायगढ़ के मध्य कल्याण कॉलेज मैदान, भिलाई में खेला गया। सरगुजा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सरगुजा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 81.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर केवल 216 रन बनाये। सरगुजा की ओर से हर्ष दुबे ने 81 रन तथा हरविंदर सिंह ने 61 रन बनाये। वहीं रायगढ़ की ओर से सक्षम दुबे तथा प्रशांत सिंह ने 3-3 विकेट प्राप्त किये।

रायगढ़ ने अपनी पहली पारी में 31.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 146 रन ही बनाये। रायगढ की ओर से अभिशेक सेठी ने सर्वाधिक 35 रन तथा प्रषांत सिंह ने 20 रन बनाये। सरगुजा की ओर से सौम्या केशरी ने सर्वाधिक 5 विकेट, आराध्य गुप्ता तथा आयुष सिंह ने 2-2 विकेट प्राप्त किये।

सरगुजा ने अपनी दूसरी पारी में 81.2 ओवरों में 7 विकेट खोकर 354 रन बनाये तथा पारी घोषित कर दी। सरगुजा की ओर से कृष चोपडा ने 165 रन तथा हर्ष दुबे ने 150 रन नाबाद बनाये। वहीं रायगढ़ की ओर से प्रशांत सिंह ने 4 विकेट तथा हाशिम ने 2 विकेट प्राप्त किये। 424 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायगढ़ की पूरी टीम 63 ओवरों में 254 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। रायगढ़ की ओर से राहुल नायक ने 65 रन तथा प्रशांत सिंह ने नाबाद 57 रन बनाये वहीं सरगुजा की ओर से आयुष सिंह ने 5 विकेट तथा सौम्य केशरी ने 2 विकेट प्राप्त किये। सरगुजा ने यह मैच 171 रनों से जीत लिया। ग्रुप सी का दूसरा तीन दिवसीय मैच कोरिया एवं कवर्धा के मध्य आर डी सी ए मैदान, रायपुर में खेला गया। कोरिया ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। कवर्धा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 79.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 263 रन बनाये। कवर्धा की ओर से दिनेश दास मानिकपुरी ने सर्वाधिक 85 रन तथा नकुल धाकरे ने 73 रन बनाये। वहीं कोरिया की ओर से आकाश शर्मा ने 5 एवं हरविंदर सिंह रैना ने 2 विकेट प्राप्त किये। कोरिया ने अपनी पहली पारी में 60.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 288 रन बनाये। कोरिया की ओर से अमित कुमार यादव ने शानदार शतक लगाते हुये 156 रनों की पारी खेली। उनके अतिरिक्त वैभव बघेल ने 56 रन तथा श्रेयस सिन्हा ने 33 रन बनाये। कवर्धा की ओर से सूर्यकांत तिवारी ने 4 विकेट, शुभम खत्री तथा देव कुमार साहू ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। कवर्धा ने अपनी दूसरी पारी में 60 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 236 रन बनाये। कवर्धा के लिये शुभम खत्री ने नाबाद 60 रन, पुष्पेन्द्र ने 35 रन तथा दिनेश दास मानिकपुरी ने 34 रन बनायें। वहीं कोरिया के लिये अजय कुमार मिश्रा ने 4 विकेट तथा अभिजीत सिंह ने 2 विकेट प्राप्त किये। 211 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोरिया ने 49.4 ओवरों में 4 विकेट खोकर 213 रन बनाये तथा मैच आसानी से जीत लिया। कोरिया की ओर से घनश्याम केवट ने 90 रन तथा वैभव बघेल ने नाबाद 37 रन बनाये। कवर्धा की ओर से देव कुमार साहू ने 3 विकेट प्राप्त किये। कोरिया ने यह मैच 6 विकेट से जीत लिया।

# राष्ट्रीय खेलों में जिमनास्टिक में छत्तीसगढ़ के नवीन का फाइनल मैच आज



**रायपुर।** 38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड 2025 में छत्तीसगढ़ राज्य के ए नवीन साई कृष्णा ने जिम्नास्टिक के आर्टिस्टिक इवेंट में रोमन रिंग के इवेंट में शीर्ष 8 में फाइनल में तीसरे स्थान पर जगह बनाई है। नवीन 12 फरवरी को सुबह 8:30 बजे से आयोजित फाइनल इवेंट्स में हिस्सा लेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य से जिम्नास्टिक कोच लक्ष्मण गुरूंग, राजेश कुर्रे, नयन सोनी, शुभम बारले, सूर्यकांत सोनवानी, चंद्रदीप भारती, अमन साव समस्त छत्तीसगढ़ राज्य के जिम्नास्टिक खिलाड़ियो एवं अन्य आलाधिकारियों में छत्तीसगढ़ राज्य के वरिष्ठ एनआईओएस कोच बिश्वजीत मल्लिक ने शुभकामनाओं के साथ छत्तीसगढ़ राज्य के उपलब्धि प्राप्त खिलाड़ियों में इंडियन जिमनास्ट रह चुके एकलव्य अवार्ड खिलाड़ी कारण बहादुर गुरूंग एवं विक्रम बहादुर गुरूंग ने भी शुभकामनाएं दी है।

# आप दिन भर में बर्न कर सकते हैं 1000 कैलोरी, कुछ आसान तरीके अपनाकर इसे बना सकते हैं संभव

जिम में पैर रखे बिना आप प्रतिदिन 1000 कैलोरी कम बर्न कर सकते हैं और अपने शरीर को बदल सकते हैं। ये सब करने में आपको पसीना जरूर आएगा, लेकिन आपको ये एहसास भी नहीं होगा कि आप कितनी मेहनत कर रहे हैं।

**एक घंटा 20 मिनट माउंटेन बाइकिंग** माउंटेन बाइकिंग आपकी मांसपेशियों को आपके ग्लूट्स, क्वाड्स, कोर और बैक को जितना संभव हो उतना कठिन काम करने के लिए पुश करती है और वो भी जिम में की जाने वाली एक्सरसाइज की तरह।

**एक घंटे लंबी पैदल यात्रा** : किसी भी जिम वर्कआउट की तुलना में हाइकिंग आपके निचले शरीर पर बेहतर काम करती है। निरंतर झुकाव, असमान कदम और आपके वजन के बैकपैक का संयोजन कैलोरी का एक बड़ा हिस्सा बर्न करने में मदद करता है और आपके कार्डियोवैस्कुलर हैल्थ में सुधार करता है।

**एक घंटा रॉक क्लाइंबिंग** : रॉक क्लाइम्बिंग आपके शरीर की हर एक मसल्स को एक्टिव करती है और इसके परिणामस्वरूप जबरदस्त कैलोरी बर्न होती है। इसके साथ ही आपको मसल्स बिल्डिंग के लाभ भी मिलते हैं। चूंकि एक्टिविटी के लिए आपको अपनी ग्रिप पर ध्यान देने की आवश्यकता होती है, जिससे आपकी रोइंग या पुलिंग परफॉरमेंस में भी सुधार आता है।

## इन लक्षणों का मतलब आपका लिवर हो रहा है डैमेज

# हमारा कोई अंग प्रभावित हो रहा हो तो शरीर कर देता है इशारे, त्वचा के बदलावों को बिल्कुल न करें अनदेखा

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पाचन का ठीक रहना जरूरी है और पाचन ठीक रहे इसके लिए आवश्यक है कि आपका लिवर ठीक तरीके से काम करते रहे। लिवर में होने वाली किसी भी तरह की समस्या का शरीर पर कई प्रकार से नकारात्मक असर हो सकता है। लिवर, रक्त से विषाक्त पदार्थों को निकालता है, रक्त शर्करा के स्तर को ठीक बनाए रखता है और रक्त के थक्के को नियंत्रित करता है। लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण लिवर से संबंधित बीमरियों का खतरा अधिक हो सकता है। लिवर में होने वाली समस्याओं पर अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो इससे लिवर डैमेज होने का भी खतरा हो सकता है। लिवर में होने वाली गंभीर समस्याएं जानलेवा भी हो सकती हैं इसलिए जरूरी है कि शरीर के इस महत्वपूर्ण अंग का विशेष रूप से ख्याल रखा जाए।




स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लिवर की ज्यादातर बीमारियों के लिए अल्कोहल का सेवन करना प्रमुख कारक माना जाता रहा है, पर जो लोग शराब नहीं भी पीते हैं उनमें भी लिवर की क्षति का खतरा हो सकता है। पीलिया, त्वचा में खुजली और अंगों में सूजन जैसे लक्षण इस बात के संकेत हैं कि आपका लिवर ठीक नहीं है या इसमें कोई बीमारी हो सकती है।

### लिवर डैमेज का खतरा

लिवर की कई बीमारियों में शुरुआती स्थिति में कोई भी लक्षण नजर नहीं आते हैं, लिवर डैमेज की स्थिति के साथ भी ऐसा ही है। लिवर डैमेज या सिरोसिस की समस्या जानलेवा हो सकती है, इसलिए इसके कुछ संकेतों को पहचानना जरूरी है।

### इन लक्षणों पर दें ध्यान



लिवर का प्रमुख कार्य विषाक्त पदार्थों का ब्रेक डाउन करना होता है। लिवर में होने वाली किसी भी प्रकार की बीमारी या लिवर डैमेज की स्थिति में शरीर में विषाक्त पदार्थों के बढ़ने का खतरा हो सकता है। इस तरह की स्थिति में आपको थकान, अस्पष्टीकृत रूप से वजन घटने, भूख में कमी होने और अक्सर उल्टी महसूस होते रहने की समस्या हो सकती है। डॉक्टर से मिलकर लिवर की जांच के माध्यम से इस अंग में होने वाली किसी भी तरह की समस्या का समय रहते पता लगाने में मदद मिल सकती है।

### शरीर में बढ़ सकती है सूजन की दिक्कत

लिवर में होने वाली बीमारियों का एक प्रमुख संकेत मूत्र में होने वाली समस्या भी है। आपको पेशाब के रंग में गाढ़ापन या अधिक पीलापन महसूस हो सकता है। लिवर की समस्या के कारण फ्ल्यूड रिटेंशन की भी दिक्कत हो सकती है, जो शरीर के कई अंगों में सूजन की दिक्कत बढ़ाने वाली मानी जाती है, विशेषकर पैरों और टखनों में सूजन की समस्या संकेत है कि लिवर में किसी प्रकार की दिक्कत हो सकती है। इन स्थितियों पर गंभीरता से ध्यान देना आवश्यक हो जाता है।

### त्वचा से संबंधित दिक्कतें

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लिवर की बीमारियों में त्वचा से संबंधित समस्याओं के विकसित होने का खतरा देखा जाता है। लिवर में समस्या के कारण बिलीरुबिन की मात्रा बढ़ जाती है जिसके कारण आपको पीलिया होने का खतरा हो सकता है। बार-बार पीलिया होते रहना इस बात का संकेत है कि लिवर ठीक से काम नहीं कर रहा है।

इसके अलावा लिवर में होने वाली समस्या के कारण रक्तप्रवाह से विषाक्त पदार्थों की मात्रा बढ़ने लगती है जिसके परिणामस्वरूप थकान, सिरदर्द और त्वचा संबंधी समस्याएं होती हैं।



# 6 पैक एब्स बनाना हो तो इन गलतियों को दोहराने से बचें

6-पैक एब्स दिखाने के लिए शरीर का बॉडी फैट पर्सेंट 10% या उससे कम होना चाहिए। तभी एब्स विजिवल होते हैं। इसलिए जिम में लड़के अक्सर सिक्स पैक एब्स बनाने के लिए जिम जाकर घंटों पसीना बहाते हैं। जिसका मोटा पेट होता है उसके भी एब्स होते हैं, बस उसके एब्स के ऊपर फैट की लेयर आ जाती है। जैसे-जैसे फैट की लेयर हटती जाएगी, वैसे-वैसे एब्स भी दिखने लगते हैं। बेली फैट हर किसी के लिए काफी चिंताजनक होता है। इसलिए लोग फ्लैट टमी के लिए एक्सरसाइज भी करने लगते हैं।

पेट कम करने के लिए एब्स वर्कआउट करें या नहीं? इस बारे में जानने के लिए एक्सपर्ट की सलाह मानना सही रहता है। लेकिन कुछ लोग बिना नॉलेज के 6 पैक एब्स बनाने के लिए एक्सरसाइज के साथ देर तक प्लैंक और क्रंचेस भी करने लगते हैं। वहीं कुछ लोग इंटरनेट पर 30 दिन में 6 पैक एब्स बनाने के तरीके भी सर्च करने लगते हैं। डाइट तो अपनी जगह है लेकिन एब्स एक्सरसाइज के समय कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। नहीं तो रिजल्ट मिलने में देर हो सकती है या उस एक्सरसाइज का कोई मतलब नहीं रह जाएगा।

यदि कोई घर पर एक्सरसाइज करता है तो वो सबसे पहले पेट कम करने की एक्सरसाइज करता है, जिसमें क्रंचेस, प्लैंक, सिट-अप्स के साथ कुछ पसंदीदा एब्स एक्सरसाइज शामिल होती हैं।

इन एक्सरसाइज को करते समय भी कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है, तभी अच्छे रिजल्ट मिलते हैं। इसलिए इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि एब्स एक्सरसाइज करते समय लोग कौन-सी सामान्य गलतियां करते हैं, जो उनकी प्रोग्रेस को रोक सकती हैं।

### एक्सरसाइज के समय पानी पीना



वर्कआउट शुरू करने से कम से कम 15 मिनट पहले पानी पीना चाहिए। वर्कआउट के दौरान हर 20 मिनट बाद 8 औंस पानी पीना चाहिए। लेकिन एब्स एक्सरसाइज करते समय पानी नहीं पीना चाहिए, लेकिन अक्सर लोग एब्स एक्सरसाइज के दौरान पानी पीते हैं। एब्स के दौरान पानी पीने से पेट भर जाता है और आप अच्छी तरह एक्सरसाइज नहीं कर पाते। मसल्स भी अच्छे से कॉन्ट्रैक्ट नहीं हो पाते।

### हाई रेप्स करना

किसी भी चीज पर ओवर टेंशन क्रिएट करने से मसल्स अधिक ब्रेक होते हैं, जिससे मसल्स रिकवरी में टाइम लग सकता है और मसल्स सोरनेस भी अधिक समय तक रहती है। इसलिए अगर आप एब्स एक्सरसाइज करते हैं, तो मसल्स को ओवर ट्रेन और हाई रेप्स करने से बचाना चाहिए। एब्स एक्सरसाइज करते समय 12-15 रेप्स और 3 सेट कर सकते हैं। एब्स की कितनी एक्सरसाइज करनी है वो आप अपनी फिटनेस लेवल के मुताबिक डिसाइड कर सकते हैं।

# बार-बार तवे पर टूट जाता है चीला, तो बनाते वक्त इन टिप्स को करें फॉलो



चावल आटे का चीला अक्सर सर्दियों के मौसम में बनाया जाता है। सर्दियों के दिन में जब नए चावल आते हैं, तो उसे पीसकर घरों में चावल आटे का चीला समेत कई तरह की रेसिपीज बनाई जाती है। वैसे तो लोग कभी भी चावल आटे का चीला बनाते हैं, लेकिन ज्यादातर लोग इसे नाश्ता या शाम के वक्त चाय के साथ खाना पसंद करते हैं। देखा जाए तो चावल आटे की चीला बनाना तो आसान है, लेकिन अगर इसके घोल में जरा सी गड़बड़ी हुई कि यह तवे में अच्छे से बनने के बजाए टूटने लगता है। चावल का चीला यदि ठीक से नहीं बनता है, तो बनाने में आलस आने लगता है। ऐसे में यदि आपको चावल आटे का चीला पसंद है और बनाने में परेशानी होती है, तो आज हम आपको मम्मी के बताए हुए कुछ टिप्स बताएंगे। इन टिप्स की मदद से आप आसानी से चीला बना पाएंगे।

### ठंडे पानी से बैटर न बनाएं

चावल आटे का चीला जब भी बनाएं घोल में ठंडे पानी का उपयोग न करें। हमेशा गर्म पानी से ही घोल तैयार करें। गर्म पानी से तैयार घोल से चीला टूटता नहीं है। आटा में पहले गर्म पानी डालें और मिक्स करने के बाद सब्जी डालें।

### शुरू में ज्यादा पतला घोल न बनाएं

चावल आटे के घोल को शुरू में गाढ़ा रखें, क्योंकि पहला और दूसरा चीला अक्सर टूटता है। बता दें कि तवे में तेल और चीला सेट होने में वक्त लगता है। बाद में यदि गाढ़े घोल को पतला करना है तो गर्म पानी मिलाएं, ठंडे पानी से चीला टूट सकता है।

### ज्यादा सब्जी न मिलाएं

कभी भी चावल आटे का चीला (चीला रेसिपी) बनाते वक्त ज्यादा सब्जी जैसे प्याज और टमाटर का उपयोग न करें। ज्यादा सब्जी मिलाने से चीला पलटाने में परेशानी होती है और चीला टूटने की संभावना ज्यादा होती है।

### आटे के बजाए चावल भिगोकर बैटर बनाएं

चीला बनाने के लिए आटे का घोल बनाने से ज्यादा बेहतर है कि आप चावल को भिगोकर उसे पीसकर बैटर बनाएं। भीगे हुए चावल से तैयार बैटर से आसानी से चीला बनता है और टूटने की संभावना कम होती है।

### तवे में अच्छे से तेल लगाएं

चीला का घोल तवे में डालने से पहले तवे में अच्छे से तेल लगाएं, ताकि चीला पलटाने में आसानी हो। इसके अलावा तवा को अच्छे से धुआं निकलने तक गर्म करें फिर तेल लगाकर घोल डालें। चीला पलटाने से पहले भी चीला के किनारे में अच्छे से तेल डालें, फिर चीला पलटाएं। तेल डालने से चीला आसानी से पलट जाएंगे।

# घर में कितने शंख रखना होता है शुभ, जरूर जानिए

घर में शंख रखना हिन्दू धर्म में बहुत शुभ मन जाता है। घर में शंख रखने से न सिर्फ मां लक्ष्मी का आगमन होता है बल्कि घर में सकारात्मकता भी आती है और नकारात्मकता का नाश होता है। घर में शंख रखना हिन्दू धर्म में बहुत शुभ मन जाता है। घर में शंख रखने से न सिर्फ मां लक्ष्मी का आगमन होता है बल्कि घर में सकारात्मकता भी आती है और नकारात्मकता का नाश होता है। हालांकि शंख रखने से जुड़े कई ऐसे नियम भी हैं जो शास्त्रों में वर्णित हैं मगर बहुत कम लोग ही इन नियमों के बारे में जानते हैं या उनका पालन करते हैं। ठीक ऐसे ही कई लोगों के घर में एक से ज्यादा शंख मिलते हैं, कहीं दो तो कहीं पर तीन-चार शंख। ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स ने बताया कि घर में कितने शंख रखने चाहिए या फिर क्या घर में दो शंख रखना शुभ होता है। इसके साथ ही, उन्होंने हमें यह भी बताया कि घर में एक से ज्यादा शंख रखने का कैसा प्रभाव व्यक्ति के जीवन पर पड़ता है।



### घर में दो शंख रखने से क्या होता है?

शास्त्रों के अनुसार, अगर आप पूजा में शंख रखना चाहते हैं तो सिर्फ एक ही शंख रख सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि शंख मां लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है और मां लक्ष्मी को प्रिय भी है। ऐसे में पूजा के लिए दो शंख होना इस बात को दर्शाता है कि मां लक्ष्मी का स्थान स्थाई नहीं बल्कि अचल है। वहीं, अगर आप शंख पूजा में रखना चाहते हैं और साथ ही, बजाने के लिए भी लाना चाहते हैं तो आप पूजा के लिए एक शंख और बजाने के लिए एक और शंख ला सकते हैं। यानी कि घर में दो शंख रख सकते हैं ।






## खबर संक्षेप

### पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर सीएम साय ने किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को अपने निवास कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्यायजी का जीवन राष्ट्रसेवा, अंत्योदय और त्याग की अद्वितीय मिसाल है। मुख्यमंत्री श्री साय ने उनके विचारों का स्मरण करते हुए कहा कि अंत्योदय का संकल्प हमें समाज के हर वर्ग, विशेषकर वंचितों और जरूरतमंदों के उत्थान के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि दीनदयालजी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित, सेवा और समाज कल्याण को समर्पित रहा। पंडितजी की विचारधारा हमें छत्तीसगढ़ को एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

### तीन जिलों की छह शराब दुकानें 15 दिन रहेंगी बंद

**रायपुर।** राजिम कुंभ कल्प मेले के मद्देनजर छत्तीसगढ़ शासन ने 12 से 26 फरवरी तक शराब दुकानों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। महामाघी पूर्णिमा से लेकर महाशिवरात्रि तक चलने वाले इस धार्मिक मेले के दौरान श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, गरियाबंद जिले के राजिम, रायपुर जिले के गोबरा नवापारा और धमतरी जिले के मगरलोड सहित कुल 6 शराब दुकानें इस अवधि में पूरी तरह बंद रहेंगी। आबकारी विभाग ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। संबंधित जिलों के प्रशासन को इसका सख्ती से पालन कराने को कहा गया है। राजिम कुंभ कल्प मेले में हर साल लाखों श्रद्धालु देशभर से आते हैं। धार्मिक आयोजनों की पवित्रता बनाए रखने और श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से शराब बिक्री पर रोक लगाई गई है।

# दपूमरे ने लगातार तीसरे साल मालभाड़े से अर्जित किया 25 हजार करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में महज 316 दिनों, 10 फरवरी 2025 तक में ही 25,000 करोड़ रुपये से अधिक का मालभाड़ा आय अर्जित कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस उपलब्धि के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने पहले स्थान पर अपनी स्थिति को बनाए रखा है। पिछले लगातार तीन वित्तीय वर्षों से यह रेलवे 25,000 करोड़ रुपये से अधिक का मालभाड़ा आय अर्जित करने वाला रेलवे बन चुका है। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के मुकाबले इस उपलब्धि को 19 दिन पहले प्राप्त किया गया, जबकि 2022-23 के मुकाबले यह सफलता 31 दिन पहले हासिल हुई। इस साल की आय पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि से 6.76% अधिक है, जो कि अन्य रेलवे क्षेत्रों से रु.1587 करोड़ की वृद्धि के साथ सबसे बड़ी बढ़ोतरी है।

## मालभाड़ा से आय 2024-25 में 6.76% वृद्धि, भारतीय रेलवे के अन्य क्षेत्रों से सबसे ज्यादा बढ़त

### भारतीय रेलवे में बढ़ रहा योगदान

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का भारतीय रेलवे के कुल मालभाड़ा आय में योगदान 17.20 प्रतिशत है, जो इसे एक महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान करता है। इस शानदार प्रदर्शन के लिए महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के कुशल नेतृत्व में इस रेलवे को औद्योगिक विकास में सहयोग देने के लिए सराहा जा रहा है। माल लदान के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के चलते, इस वर्ष भी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा जल्द ही नए कीर्तिमान स्थापित किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।



### औद्योगिक क्षेत्र को भी फायदा

इस सफलता से न केवल रेलवे, बल्कि देश के औद्योगिक क्षेत्र को भी फायदा हो रहा है, क्योंकि यह रेलवे भारत के पावरहाउस और उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण वस्तुएं जैसे कोयला, लौह अयस्क, सीमेंट, उर्वरक, और मैंगनीज जैसी सामग्रियां पहुंचाता है। यह कीर्तिमान रेलवे क्षेत्र की लगातार बढ़ती प्रगति को दर्शाता है, जो औद्योगिक विकास और जनसमूह की आवश्यकताओं को पूरा करने में निरंतर योगदान दे रहा है।

## आंगनबाड़ी व शासकीय स्तर पर मतदाता सूची भी वितरित नहीं

# मतदाता भटकते रहे, मतदान केंद्र तथा वार्ड तक बदल गए





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- रायपुर शहर में पिछले साल से भी कम मतदान

राज्य के नगरीय निकाय चुनाव में रायपुर राजधानी में मतदाता यहां से वहां भटकते रहे। अनेक मतदान केंद्रों में मतदाता नाराज होकर मतदान न कर लौट गए। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता पर्ची नहीं बांटने की वजह से यह स्थिति बनी। वहीं नगर निगम के लिए इसके कारण कम मतदान हुआ। पिछले साल जहां 52 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था, वह इस बार 50 प्रतिशत तक भी नहीं पहुंच पाया। रायपुर दक्षिण में जो मतदाता विगत 30-40 वर्षों से खोखो पारा स्कूल, सरस्वती स्कूल में मतदान करता रहा है, उसका नाम अमीन पारा स्कूल में चला गया। महंत लक्ष्मी नारायण दास वार्ड के लगभग ढाई 300 मतदाता ब्राह्मण पारा वार्ड में चले गए। तत्या पारा वार्ड के लगभग 500 मतदाता वार्ड क्रमांक 27 इंदिरा गांधी वार्ड में स्थानांतरित हो गए। कुशालपुर वार्ड के लगभग 500 मतदाता डबरी पारा में शिफ्ट हो गए। शांति नगर के मतदाता राजा तालाब में तथा राजा तालाब के मतदाता शांति नगर में भेजे गए। अनेक मतदाताओं के मतदान केंद्र भी परिवर्तित हो गए। इन सब विषम परिस्थितियों में मतदाताओं ने नाराजगी व्यक्त करते हुए मतदान न कर लौटे। इसका परिणाम है कि स्थानीय स्तर के चुनाव में मतदान का प्रतिशत बहुत कम रहा है।

### परिसीमन की जानकारी और मतदाता सूची वितरित नहीं

निर्वाचन आयोग परिसीमन का सही तरीके से प्रचार-प्रसार न कर मतदाताओं को उनकी स्थिति के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दिया गया। आंगनबाड़ी व शासकीय स्तर पर मतदाता सूची भी वितरित नहीं की गई। विधानसभा और लोकसभा चुनाव तथा दक्षिण के उपचुनाव में जिस तत्परता से प्रशासन ने काम किया था, वैसा मतदाताओं को जानकारी नहीं मिला। वार्डों में व महापौर के प्रत्याशी कम समय होने के कारण मतदाता पर्ची नहीं बांट पाए। चुनाव की घोषणा के तीन दिन बाद नामांकन पत्र दाखिल होने तथा प्रत्याशियों की घोषणा विलंब से होने के कारण भी मतदाताओं को सही जानकारी नहीं मिल पाई।

# अस्पतालों की समस्याओं पर आईएमए ने जताई चिंता, दूर करने का आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्टेट नोडल एजेंसी द्वारा निजी अस्पतालों के खिलाफ की गई निलंबन की कार्रवाई पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि योजनाओं को लेकर अस्पताल कम पैकेज, भुगतान जैसी कई समस्याओं जूझ रहे हैं। शासन और स्वास्थ्य विभाग को इससे अवगत कराया गया है मगर किसी तरह की राहत नहीं मिल रही है। आईएमए के पदाधिकारियों ने कहा कि आयुष्मान योजना में एपीएल और बीपीएल के मरीजों के इलाज के लिए एक ही पैकेज का निर्धारण किया है जो असंगत है। अपर्याप्त पैकेज और बढ़ती महंगाई के कारण अस्पताल गुणवत्तापूर्ण देखभाल प्रदान करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। स्थिति इस तथ्य से और भी खराब हो जाती है कि निजी अस्पतालों से सरकारी अस्पतालों से अच्छी देखभाल प्रदान करने की अपेक्षा की जाती है, जबकि शासकीय अस्पतालों के बुनियादी ढाँचे और कर्मचारियों की लागत सरकार द्वारा वहन की जाती है। उनके द्वारा सभी अस्पतालों के निलंबन को तत्काल समाप्त करने की मांग भी की है। आईएमए की शिकायत है कि आयुष्मान पैकेज में अपर्याप्त पैकेज, देरी से भुगतान पारदर्शिता का अभाव है। आईएमए ने चेतावनी दी है कि उनकी समस्याओं को हल नहीं किया गया तो इस योजना से निजी अस्पताल दूरी बनाएंगे जिसका खामियाजा गरीब मरीजों को भुगतना पड़ेगा।

### सिम्स में पीजी छात्रा को प्रताड़ना, सीएम तक शिकायत

*रायपुर। सिम्स बिलासपुर में महिला डॉक्टर के साथ मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना की शिकायत मुख्यमंत्री से की गई है। मेडिसिन विभाग की पीजी छात्रा द्वारा विभागाध्यक्ष पंकज डॉ पंकज टेम्बर्निकर पर शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। शिकायत की गई है कि आपातकालीन ड्यूटी के दौरान उनका फोन फेंकना और तोड़ना, ड्यूटी के दौरान मौखिक दुर्व्यवहार, अनुचित स्पर्श और एक शत्रुतापूर्ण कार्य वातावरण बनाना शामिल है। इन कार्रवाइयों ने न केवल उनके कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने की क्षमता को बाधित किया है, बल्कि उनके संपूर्ण स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुँचाया है।*

# लड़की को माध्यम बनाकर राजधानी में नए पैटर्न में लूट

- लड़की ने बाइक रोकने हाथ से इशारा किया, नहीं रुकने पर आगे खड़े साथियों ने डंडे से वार कर की लूट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लड़की को माध्यम बनाकर बदमाशों ने राजधानी में नए पैटर्न में लूट की वारदात की है। जिनके साथ लूट की घटना हुई है, वह पेशे से वकील हैं। बदमाशों की पहचान हो गई है, लेकिन पुलिस उन लोगों को अब तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। घटना सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में आमानाका ओवर ब्रिज के नीचे रविवार देर रात साढ़े 11 बजे की है। पुरानी बस्ती निवासी अभिषेक कुमार तंबोली ने शगुन तथा बब्बन नाम के युवक के खिलाफ लूट की शिकायत दर्ज कराई है। अभिषेक ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को वह अपने एक अन्य साथी के साथ अपनी बाइक से सरोना के रास्ते यूनिवर्सिटी की तरफ आ रहे थे। इस दौरान आमानाका ओवरब्रिज के नीचे सरोना की ओर जाने वाले निर्माणाधीन सड़क के पास एक युवती ने हाथ से इशारा कर बाइक रोकने की कोशिश की। बाइक नहीं रोकने पर आगे खड़े एक युवक ने अभिषेक पर डंडे से वार करते हुए कहा कि लड़की के इशारा करने पर तुमने बाइक क्यों नहीं रोकी। इसके बाद लड़के ने अभिषेक तथा उसके साथी की डंडे से पिटाई कर बाइक में तोड़फोड़ कर अभिषेक की जेब में रखे पैसे लूट लिए। लूट करने वाले युवक तथा युवती की पहचान शगुन तथा बब्बन के रूप में हुई है।

## बिजनेस साइट

### वोटिंग के बीच भी कम नहीं हुआ ऑटो एक्सपो का उत्साह, हुई अच्छी बुकिंग्स

- टीवीएस अपाचे आरआर 310 की हुई लांचिंग

**रायपुर।** नगरीय निकाय चुनाव के मतदान के बाद मंगलवार की देर शाम भी ऑटो एक्सपो में व्हीकल्स बायर्स की भीड़ देखी गई। पिछले एक्सपो के मुकाबले अब तक वाहनों की बिक्री में दोगुना इजाफा हुआ है। डीलर्स अब बाकी दिनों में अधिकाधिक बिक्री का लक्ष्य लेकर जुट गए हैं। मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी इस आयोजन में गेस्ट के तौर पर पहुंचे और आयोजन की सफलता के लिए राडा मेंबर्स को बधाई दी। 10 फरवरी को 805 वाहनों की बिक्री हुई थी, जिससे अब तक कुल 21,117 वाहनों की बिक्री हो चुकी है। टीवीएस मोटर्स ने ऑटो एक्सपो में अपनी प्रीमियम बाइक सेगमेंट में टीवीएस अपाचे आरआर 310 को लॉन्च किया। बाइक में 312.2 सीसी का सिंगल सिलेंडर लिक्विड कूल्ड इंजन है, जो 38 पीएस की पावर और 29 न्यूटन मीटर का टॉर्क उत्पन्न करता है। वहीं, टाटा की कर्व कूप कार भी ऑटो एक्सपो में कस्टमर के बीच आकर्षण का केंद्र बनी। यह कार अपने आकर्षक लुक, दमदार इंजन, और बेहतरीन माइलेज के लिए पसंद की जा रही है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर अंचल ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**रायपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर अंचल द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलीडीह रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन बैंक द्वारा स्थापित भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर मेमोरियल ट्रस्ट के तहत किया गया, जिसमें 2023-24 के शैक्षणिक सत्र में कक्षा 10वीं की वार्षिक परीक्षा में अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दो विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा विश्व हिंदी दिवस 2025 के अवसर पर विद्यालय में आयोजित विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर अंचल के उप महाप्रबंधक डॉ. रमेश कुमार मोहंती ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

### मैग्नेटो मॉल में फायर मॉक ड्रिल, नकली अग्नि अभ्यास में आपातकालीन तैयारियों का परीक्षण



**रायपुर।** इमारत के रहने वालों और आपातकालीन सेवाओं की तत्परता तथा प्रतिक्रिया की जांच करने के लिए रायपुर स्थित मैग्नेटो मॉल में एक फायर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह ड्रिल मॉल प्रबंधन और सुरक्षा टीम द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें आग की स्थिति का अनुकरण किया गया, जिसमें इमारत की 5वीं मंजिल पर आग लगने का दृश्य प्रस्तुत किया गया। ड्रिल का मुख्य उद्देश्य इमारत के अग्नि सुरक्षा उपायों, आपातकालीन प्रतिक्रिया योजनाओं और संचार प्रणालियों की प्रभावशीलता का परीक्षण करना था।

### रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मो का फन रन इवेंट



**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मो द्वारा छोटे बच्चों और बड़ों के लिए एक शानदार फन रन इवेंट का आयोजन किया गया। इस आयोजन में लगभग 150 बच्चों और बड़ों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन कोटा स्टेडियम में किया गया था, जहां सभी प्रतिभागियों ने जोश और उल्लास के साथ अपनी दौड़ का आनंद लिया। इवेंट के दौरान विजेताओं को 10 सोने और 20 चांदी के सिक्के, मेडल और प्रमाणपत्र पुरस्कार स्वरूप दिए गए। दौड़ से पहले सभी ग्रुप्स को जुम्बा से वॉर्मअप कराया गया और इलेक्ट्रॉनिक चिप पद्धति से निष्पक्ष रूप से विजेताओं का चयन किया गया। इस इवेंट से जो राशि एकत्रित हुई, उसे रोटरी क्लब विभिन्न सामाजिक और परोपकारी कार्यों में उपयोग करेगा। इवेंट के चेयरपर्सन शुभम बरड़िया, शिल्पा चोपड़ा, प्रियंका मालू और श्वेता बेगानी रहे। कार्यक्रम के प्रमुख प्रायोजक रिवरडेल स्कूल और आमंत्रण ज्वेलर्स थे।




## पेज 11 के शेष

### कहीं ईवीएम हैंग, कहीं...

मशीनों को रिप्लेस भी किया गया। रिप्लेस में समय लगने के कारण इन मतदान केंद्रों में वोटिंग की प्रक्रिया करीब आधे घंटे तक बाधित रही। कुछेक मतदान केंद्रों के बाहर प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच वाद-विवाद होने के कारण तनाव की स्थिति भी निर्मित हुई, जिसके कारण उन मतदान केंद्रों में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी बढ़ाया गया।

### सभी जोन में इंजीनियर...

तुरंत इंजीनियरों से मोबाइल पर संपर्क कर इसकी जानकारी दी, जिसके बाद कोई इंजीनियर मौके पर पहुंचकर, तो किसी ने मोबाइल से ही उपाय बताकर मशीनों को ठीक कराया। इस दौरान जो मशीनें खराब मिलीं, उन्हें रिप्लेस भी कराया गया।

### बेची गई जमीन के...

पर मिले सीसीटीवी फूटेज के आधार पर बदमाशों के बारे में जानकारी जुटाने की बात पुलिस कह रही है। पुलिस ने बदमाशों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का दावा किया है। बदमाशों ने जिन बुजुर्ग भाई बहनों के घर डकैती की है, उन लोगों ने दो वर्ष पूर्व विधानसभा मार्ग स्थित सकरी में तीन एकड़ के करीब कृषि भूमि तीन करोड़ रुपए में बेची थी। उन्हीं पैसों में से 70 से 80 लाख रुपए बुजुर्ग भाई बहनों ने घर में दीवान के अंदर में रखे हुए थे, जिसे बदमाश डकैती डालकर ले गए। पुलिस के अनुसार बदमाशों ने मनोहरा के घर की अच्छी तरह से रैकी करने के बाद डकैती की घटना को अंजाम दिया है। इस वजह से पुलिस घटना के 15 दिन पूर्व के सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल कर डकैतों के बारे में जानकारी जुटाने की बात कह रही है। मनोहरा के घर में बदमाशों ने डकैती की घटना की, इसके बारे में पड़ोस में रहने वालों तक को भनक नहीं लगी। मौके पर जब पुलिस पहुंची, तब पड़ोसियों को मनोहरा के घर में डकैती की जानकारी मिली।

### तीन पीढ़ियों ने एक...

किरणदेवी बरलोटा, 80 वर्षीय चंद्रकांता बरलोटा, बहू- ममता बरलोटा 58 वर्षीय, रश्मि बरलोटा 50 वर्षीय के साथ ही 30 वर्षीय पोती ख्याति, काजल और 25 वर्षीय माधुरी ने एक साथ मतदान किया।



## नगरीय निकाय चुनाव : आरंग में हुआ लगभग 77 प्रतिशत मतदान

# नगर पालिका अध्यक्ष के 6 व पार्षद के 49 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में हुई कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

नगरीय निकाय चुनाव में नगरपालिका अध्यक्ष व पार्षद पद के प्रत्याशियों की किस्मत मंगलवार को देर शाम ईवीएम में कैद हो गई है। आरंग में 77 प्रतिशत मतदान हुआ। लोकतंत्र के इस महापर्व में 79 प्रतिशत पुरुष तथा 75 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने दायित्वों को पूरा करते हुए वोट डाला। नगर पालिका अध्यक्ष के 6 व 17 वार्डों 49 पार्षद प्रत्याशियों में से चुनाव के लिए नगर में 25 बूथ बनाए गए थे, जिनमें आज शांतिपूर्वक मतदान हुआ। सुबह जहां मतदान की गति धीमी थी, वहीं 12 बजे के बाद तेजी आयी, जो शाम तक जारी रहा। एक ही ईवीएम मशीन में अध्यक्ष और पार्षद का वोट डाला जाना था, इसलिए प्रत्येक मतदान केंद्र में एक पोस्टर लगाकर वोट डालने की प्रक्रिया बतायी गई थी। आरंग नगर पालिका के कुल 17 वाडों में 19423 मतदाता है। जिसमें 9531 पुरुष, 9891 महिला और अन्य में 1 मतदाता हैं। आरंग नगर पालिका में अध्यक्ष पद के लिए 6 और पार्षद पद के लिए 49 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हुआ, 15 फरवरी को मतगणना होगा। मतदान प्रारंभ होने के साथ ही सभी प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ मतदान केंद्र में डटे रहे ।वही अध्यक्ष पद के प्रत्याशी भी सभी केंद्रों में जाकर मतदान का जायजा लेते रहे। विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने भी कई मतदान केंद्रों का जायजा लिया तथा मतदाताओं से शत–प्रतिशत मतदान की अपील की। मतदान संपन्न होने के बाद प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ दिनभर की हलचल की समीक्षा करते नजर आए। मतदान दल भी ईवीएम को सील करने में जुटे रहे। शांतिपूर्वक मतदान संपन्न होने पर प्रशासन व पुलिस ने भी राहत की सांस ली।

- 79 प्रतिशत पुरुष तथा 75 फीसदी महिला मतदाताओं ने डाला वोट




### अभनपुर में 82 प्रतिशत मतदान



**अभनपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष व पार्षदों के आज मतदान हुआ। क्षेत्र में 82 प्रतिशत मतदान होने की जानकारी मिली है। नगर पालिका का चुनाव इस बार बहुत ही शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुआ है। अध्यक्ष सहित लगभग सभी सीटों पर कड़े मुकाबले के बीच प्रत्याशी कई दिनों से दिन- रात एक कर अपने पक्ष में मतदान कराने संघर्ष कर रहे थे। आज सुबह से ही मतदान को लेकर लोगों में जागरुकता देखी गई। वार्ड नंबर 9-10 के अलावा सभी बूथों में समय पर मतदान पूरा करा लिया गया। मतदान के बाद अब जीत हार की चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। सभी प्रत्याशी अपने- अपने जीत के दावे कर रहे हैं। इस बार मतगणना देरी से होने के कारण अभी 4 दिनों तक राजनीतिक सरगर्मी रहेगी।

### नपा तिल्दा नेवरा अध्यक्ष सहित 22 पार्षदों के लिए 75 प्रतिशत मतदान

**तिल्दा नेवरा।** नगर पालिका के अध्यक्ष सहित पार्षदों के लिए आज चुनाव सम्पन्न हुआ। नगर पालिका के अध्यक्ष सहित 22 पार्षदों के लिए छुटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्वक वोट डाले गए। कुछ मतदान केंद्रों में धीमे मतदान के चलते देर शाम तक वोट डालने लाइन लगी रही। नगर में शाम 5 बजे तक कुल 75 प्रतिशत मतदान हुआ है। कुछ बूथों में देर शाम तक मतदान जारी था। वहीं कुछ पोलिंग बूथों में छूट पुट घटनाओं की जानकारी सामने भी आई। बताया गया कि शासन के जबरदस्त दबाव में काम किया जा रहा है। वहीं पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा एवं कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण वर्मा ने तिल्दा नेवरा के आम जनता का आभार व्यक्त किया।



## लोधी कालेज के छात्र-छात्राओं ने टेलीस्कोप से आसमान में देखे तारे




हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

बद्रीप्रसाद लोधी स्नातकोत्तर शासकीय महाविद्यालय आरंग में सोमवार को "टिमटिमटिमाते तारे, एक नजर आसमान की ओर" गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. नंदकुमार चक्रधारी एसोसिएट प्रोफेसर एसओएस भौतिकी एवं खगोल भौतिकी पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अभया आर जोगलेकर द्वारा किया गया। इस गतिविधि के संयोजक सोमेश साहू भौतिकी अतिथि व्याख्याता थे। महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विज्ञान संकाय के छात्र–छात्राएं तारों की स्थिति, रचना की व्याख्या एवं टेलीस्कोप से तारे देखकर प्रभावित हुए। सभी ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

- टिमटिमटिमाते तारे, एक नजर आसमान की ओर" गतिविधि का आयोजन

## लखोली में शिव महापुराण 20 से कथावाचिका को किया आमंत्रित



**आरंग।** ग्राम लखौली में 20 से 26 फरवरी तक होने वाले शिव महापुराण कथा के लिए ग्राम पलौद निवासी कथा वाचिका देवी कमल कृष्ण प्रिया को लक्ष्मीनारायण चंद्राकर परिवार द्वारा नारियल भेंट कर सम्मानित व आमंत्रित किया गया। विदित हो कि नारियल भेंट कर कथावाचक को आमंत्रित करना एक पारंपरिक और सम्मानजनक तरीका है, जो भारतीय संस्कृति में बहुत आम है। यह एक प्रतीकात्मक तरीका है, जिसमें कथावाचक का स्वागत किया जाता है और उन्हें सम्मानित किया जाता है। कथा के लिए आमंत्रित करने के पश्चात कथा वाचिका ने नारियल का महत्व बताते हुए कहा कि नारियल एक पवित्र फल माना जाता है जो भगवान शिव और अन्य देवताओं को चढ़ाया जाता है। नारियल को शुभ और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है।

- कमल कृष्ण प्रिया को किया नारियल भेंट

## दिन में जारी रहेगा गर्मी बढ़ने का दौर रात में रहेगी हल्की ठंड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उत्तरी हवा का असर खत्म होने की वजह से अब दिन में गर्मी बढ़ने का दौर जारी रहेगा, मगर रात में ठंड का प्रभाव मौजूद रहने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में सुकमा का अधिकतम तापमान 35 डिग्री के पार हो गया रायपुर उसके करीब पहुंच गया। दिन में गर्मी बढ़ने का प्रभाव अगले तीन दिन तक रहने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक फरवरी में तापमान के उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहने की संभावना बनी रहेगी।राज्य में आने वाली हवा की दिशा में बदलाव होता रहेगा और उत्तरी हवा अभी शुष्कता लिए हुए हैं। राज्य के मैदानी इलाके में गर्मी का प्रभाव बढ़ने लगा है मगर अंबिकापुर, बलरामपुर जैसे इलाके में ठंड मौजूद है वहां रात और सुबह के वक्त काफी ठंड महसूस हो रही है, हालांकि में दिन में थोड़ी असहजता महसूस हो रही है। रायपुर में सुबह के वक्त बेहद मामूली ठंड है और दिन चढ़ने के साथ धूप की तेजी लोगों को परेशान कर रही है। दोपहर बाद गर्मी का अहसास हो रहा है जिससे शाम होते ही राहत मिल रही है। बस्तर का हाल भी मैदानी इलाके जैसा ही है। विशेषज्ञों के मुताबिक अभी एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। बुधवार 12 फरवरी को मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

### *पिछले साल पड़े थे छींटे*

*मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार फरवरी माह में आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हल्के रूप में बरसने और कभी-कभी ओलावृष्टि की संभावना भी बनी रहती है। पिछले साल रायपुर में 12 फरवरी को 6. 9 मिमी. बारिश दर्ज हुई थी। बीते दस सालों में केवल तीन बार फरवरी बिना बूंदाबांदी के गुजरा है। यहां सर्वाधिक 57 मिमी. बारिश 4 फरवरी 1917 को दर्ज की गई थी।*

## रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने पकड़ा आदतन पॉकेटमार

**रायपुर।** रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने आदतन पॉकेटमार को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रमन कुमार के मार्गदर्शन और पोस्ट प्रभारी रायपुर के नेतृत्व में मंडल टास्क टीम, आरपीएफ पोस्ट रायपुर और गंज थाना रायपुर के संयुक्त अभियान के तहत की गई। गश्त के दौरान, स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में यात्रियों के बीच हो हल्ला मचाते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया।

